दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 271 जयपुर, रविवार, 10 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष- एकादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00





## जरूरी खबर

### कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गोगोई पहुंचे जयपुर



**जयपुर।** कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी राजस्थान के चेयरमैन गौरव गोगोई शनिवार देर रात जयपुर पहुंच गए। अब रविवार को केसी वेणुगोपाल के पहुंचने का भी कार्यक्रम है। चेयरमैन गोगोई के जयपुर आने से अब सोमवार को कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होना फिलहाल तय हुआ है। इस बैठक में टिकिट के दावेदारों नामों पर चर्चा होगी। कमेटी की बैठक में भाग लेने के लिए गोगोई के अलावा दोनों सदस्य गणेश गोडियाल और अभिषेक दत्त भी पहुंचे है।

### हॉलमार्किंग में अब जालोर को भी जोड़ा

**जयपुर।** हॉलमार्किंग के तीसरे चरण में 55 नए जिले अनिवार्य हॉलमार्किंग में जोड़े गए, जिसमे राज्य का जालोर जिले को शामिल किया गया है। अब भारत में कुल अनिवार्य हॉलमार्किंग जिलों की संख्या 343 हो चुकी है जो अब तक 288 थीI गौरतलब है कि भारतीय मानक ब्यूरो ने हॉलमार्किंग प्रणाली में बदलाव करते हुए 1 जून 2021 को लागू किया जो सभी स्वर्णाभूषण पर 6 अंक के अल्फान्यूमेरिक कोड के रूप में अंकित होगा। इस कोड की सहायता से ग्राहक पीआईएस केयर ऐप के माध्यम से अपने आभूषण की शुद्धता का स्पष्टीकरण कर सकता है तथा आभूषण पर अंकित शुद्धता में किसी प्रकार की भिन्नता पाए जाने पर BIS CARE ऐप के द्वारा शिकायत भी दर्ज करा सकता है।

### काजी कौंसिल ने मुख्यमंत्री गहलोत का जताया आभार



**जयपुर।** काजी कौंसिल सोसायटी राजस्थान ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर सीएम अशोक गहलोत से मुलाकात की। सोसायटी के प्रतिनिधिमंडल ने मुस्लिम समाज में विवाह पंजीयन के लिए संलग्न दस्तावेजों में शहर काजी द्वारा जारी विवाह प्रमाण पत्र को मान्यता दिए जाने पर सीएम गहलोत का आभार जताया। इस अवसर सोसायटी के अध्यक्ष वाहिद अली और उपाध्यक्ष रेहान उस्मानी के नेतृत्व में प्रदेशभर से आए सदस्य मौजूद रहे।

---

**भाजपा पर बरसे सीएम:** हिंदुत्व का मुद्दा काम नहीं करने वाला, इनकी परिवर्तन यात्राएं फ्लॉप

# निवेशकों को कम से कम मूल तो लौटाएं गजेन्द्र सिंह: गहलोत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को अपने गृह जिले जोधपुर के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर जुबानी हमला बोला। सीएम गहलोत ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह को फिर आड़े हाथों लिया।

उन्होंने संजीवनी घोटाले को लेकर गजेंद्र सिंह से आग्रह किया कि वे आगे आएं और निवेशकों के करोड़ों रुपए जो उनसे लिए गए है वह पैसे उन्हें लौटाएं। सीएम ने कहा कि केंद्रीय मंत्री को एसओजी ने अपनी जांच में दोषी माना है। संजीवनी घोटाले के पीड़ितों के आंसू आ रहे हैं। होम मिनिस्टर होते हुए मेरा फर्ज उनकी मांग को सुनना है।



पूरे मामले में 50-60 लोग मुजरिम है, कुछ लोग जेल में हैं। गजेंद्र सिंह से कोई द्वेषता नहीं है, लेकिन उन्हें बड़ा दिल रखते हुए जनता से माफी मांगनी चाहिए। अगर उनकी पूरे मामले में गलती नहीं तो वह जनता को आकर बताए और गलती है तो वे अपनी प्रोपर्टी बेचकर जनता का कम से कम मूलधन तो लौटा दें। सीएम ने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्राएं फ्लॉप हो रही हैं। यह लोग घबरा रहे हैं। इनके आरोपों में दम नहीं है। सनातन धर्म को मुद्दा बनाने को लेकर कहा कि इस मुद्दे की हवा निकल गई है। मंदिरों में हम पूजा-पाठ करवा रहे हैं। हमारी मंत्री खुद मंदिरों का दौरा कर रही हैं। जयपुर के गोविंद देवजी के मंदिर के लिए हमने बजट दिया है। हमने लंपी में मरने वाली गायों के लिए मुआवजा दिया। अब इनका हिंदुत्व का मुद्दा काम नहीं करने वाला है।

### संसद का सत्र बुलाया, एजेंडा नहीं बताया

गहलोत ने वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दें को लेकर कहा कि राष्ट्रपति का पद बहुत बड़ा होता है। पद छोड़ने के बाद पद की गरिमा के अनुरूप उन्हें समिति का अध्यक्ष नहीं बनाया जाना चाहिए था। पूर्व राष्ट्रपति खुद मना करते तो और अच्छा रहता। सीएम गहलोत ने कहा कि इस मुद्दे पर केंद्र की नियत ठीक नहीं है। 18 सितंबर को संसद का सत्र बुलाया है, लेकिन यह नहीं बताया जा रहा है कि उसका एजेंडा क्या है। यह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं हैं। सीएम ने प्रदेश में बिजली संकट को लेकर कहा कि कोयले की कमी चल रही। मानसून में बारिश कम हुई इससे बिजली की मांग बढ़ी हैं। लेकिन मैं कोशिश कर रहा हूं कि बिजली की तकलीफ आगे नही बढ़े। इसके लिए प्रयास कर रहे हैं।

### उड़ान की अनुमति देंगे तब जाएंगे डिनर में

जी-20 के डिनर से दूरी को लेकर सीएम गहलोत ने कहा कि डिनर में तब जाएंगे जब उड़ान की इजाजत देंगे। उड़ान की अनुमित ही नहीं दी तो डिनर में कैसे जाएंगे? सम्मेलन के लिए जो व्यवस्थाएं बनी उसके चलते कल मुझे इंतजार करना पड़ा, लेकिन होम मिनिस्ट्री कह रही है कि उड़ान पर कोई रोक नहीं हैं।

### जनता जिसे चाहेगी उसकी सरकार बनेगी

गहलोत ने कहा कि जनता के प्यार और विश्वास से उम्मीद हैं कि हमारी सरकार रिपीट करेगी। सरकार रिपीट हुई तो हमारी सभी योजनाएं पूरी होगी, इस बात की मैं गारंटी देता हूं। जिस तरह वसुंधरा राजे के समय भाजपा ने हमारी योजनाओं को बंद किया था वैसे हम कोई भी योजनाएं बंद नही करते। गहलोत ने कहा कि सरकारें बदलती रहती है, लेकिन अच्छे काम बंद करें उसका क्या तुक होता है। सीएम ने कहा कि जनता माई-बाप हैं, जिसे चाहेगी उसकी सरकार बनेगी।

---

**भाजपा ने लगाए कांग्रेस की योजनाओं** में गड़बड़ी के आरोप

# अन्नपूर्णा फूड पैकेट में घोटाले की भाजपा करवाएगी जांच

■ अरुण सिंह ने की सीएम से गृह मंत्रालय छोड़ने की मांग

**भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री के बयान से ईडी की एंट्री के कयास**

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय से कांग्रेस को जमकर घेरा और राज्य सरकार पर जनकल्याणकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए। भाजपा प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि जिस तरह जल जीवन मिशन में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने घोटाला किया उसी तर्ज पर मुख्यमंत्री निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना में भी घोटाला हैं। इसलिए सिंह ने कहा कि जिस तरह जेजेएम मिशन में घोटालों की जांच हुई है, उसी तरह से फूड पैकेट में हुए भ्रष्टाचार के मामलों की भाजपा जांच करवाएगी। जल जीवन मिशन में हुए भ्रष्टाचार के मामलों में ईडी राजस्थान में कार्रवाई कर चुकी हैं। ऐसे में अरुण सिंह ने अपने बयान से एक बार फिर ईडी की एंट्री को लेकर इशारा किया हैं।



### पीड़ितों को दिलाएंगे न्याय

अरुण सिंह ने प्रदेश में बढ़ रहे अपराधों को लेकर कहा कि अपराधिक वारदात के बाद पुलिस के अधिकारियों के ऊपर कांग्रेस के नेता दबाव बनाते हैं। जो उनके काले कारनामों का समर्थन नहीं करता उसका तबादला करा देता हैं। अच्छे अधिकारियों को फील्ड पोस्टिंग से हटा देते हैं। दुष्कर्म पीड़त परिवारों पर एफआईआर दर्ज करवाने लिए पुलिस समझौते के लिए दबाव बनाती हैं। सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही सभी ऐसे मामले जिनमें अन्याय हुआ है और उनमें पुलिस व कांग्रेस के दबाव से समझौते हुए हैं उन्हे री-ओपन कर फिर से जांच करवाकर पीड़तों को न्याय दिलाया जाएगा।

### कानून व्यवस्था नहीं संभल रही तो छोड़ें पद

अरुण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत जो कि खुद गृहमंत्री हैं, उन्होंने कभी भी विधानसभा में कानून व्यवस्था को लेकर एक शब्द तक नहीं बोला। जब उनसे प्रदेश की कानून व्यवस्था संभल नहीं रही तो उन्हें गृहमंत्री पद छोड़ देना चाहिए। प्रदेश के हाल यह हैं कि यहां बीते दिनों में कई संतों की हत्या हो गई, वहीं कई संतों ने प्रशासन से तंग आकर आत्महत्या कर ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे राजस्थान आते हैं, लेकिन डीडवाना के उस दलित परिवार की पीड़ा में शामिल नहीं हुए, जिनकी कुचल-कुचल कर हत्या कर दी गई। खरगे भीलवाड़ा भी नहीं गए, जहां एक नाबालिग को दुष्कर्म के बाद भट्टी में डाल दिया। राहुल गांधी भी बांसवाड़ा आए लेकिन किसी दुष्कर्म पीड़ित परिवार से मिलने नहीं गए।

### पीड़ितों से भी मिलें प्रियंका

टोंक में रविवार को होने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की जनसभा और दौरे को लेकर भी सिंह ने जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी राजस्थान आ रही हैं, और वे वहीं जाती हैं जहां भाजपा सरकार नहीं होती। मैं उनसे आग्रह करना चाहता हूं कि बीते कुछ दिनों में प्रदेश में 31 मासूमों के साथ दुष्कर्म और हत्या के वीभत्स अपराध हुए हैं। प्रियंका उन पीड़ितों के घर जाकर उनके परिवारों से मिलती और प्रदेश के हालात जानती तो अच्छा होता। गांधी को उनके घर जाकर उन परिवारों को सांत्वना देनी चाहिए उनका हाल जानना चाहिए।

---

**प्रियंका गांधी करेंगी शुभारंभ**

# खुलेंगी 1 हजार इंदिरा रसोई, टोंक से सीएम व प्रियंका करेंगे शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

मिशन रिपीट अभियान को लेकर कांग्रेस के नामी नेताओं के प्रदेश में दौरे शुरू हो गए हैं। इसी को लेकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की टोंक जिले की निवाई में रविवार को जनसभा करेगी। सभा का जायजा लेने के लिए शनिवार को पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, सुखजिंदर सिंह रंधावा, सहप्रभारी अमृता सिंह धवन सहित कई नेता निवाई पहुंचे।

जहां उन्होंने सभा स्थल का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों और स्थानीय नेताओं से चर्चा भी की। प्रदेश प्रभारी रंधावा ने बताया कि प्रियंका गांधी यहां इंदिरा रसोई का शुभारंभ करेंगी। जहां गरीब लोगों को आठ रुपए में भरपेट भोजन मिलेगा। इसके साथ ही वह यहां एक जनसभा को संबोधित करेंगी। शहरों की तरह इन्दिरा रसोई योजना-ग्रामीण की शुरूआत की जा रही है।

सीएम दोपहर 12 बजे झिलाय से योजना का शुभारम्भ करेंगे। साथ ही, विभिन्न जिलों में संचालित इन्दिरा रसोइयों के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। सीएम प्रदेश के नगरीय निकायों में करीब 1000 इन्दिरा रसोइयां के सफल संचालन के बाद और उपयोगिता को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में भी 1000 रसोइयां प्रारम्भ करेंगे।



### आपस में ही लड़ रहे भाजपा नेता

यात्रा का जायजा लेने पहुंचे पीसीसी चीफ डोटासरा ने कहा कि भाजपा नेता आपस में लड़ रहे हैं। वह प्रदेश में क्या परिवर्तन करेंगे। प्रदेश की जनता परिवर्तन नहीं चाहती है। प्रदेश की जनता सरकार को रिपीट चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा ने कोई विपक्ष की भूमिका नहीं निभाई है। टोंक सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यहां के सांसद ईआरसीपी मुद्दे पर कभी नहीं बोले हैं। इस मुद्दे पर पूरी भाजपा चुप है।

---

**विषय विशेषज्ञों एवं** निकाय प्रतिनिधियों को मिली जगह

# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल में 15 सदस्य मनोनीत

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल में सदस्यों को मनोनीत किया गया है। इस संबंध में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव मोनाली सेन द्वारा अधिसूचना जारी की गई।

इसके अनुसार राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में कुल 5 सदस्यों को मनोनीत किया गया है। जिनके अंतर्गत नगरीय विकास और आवासन के प्रमुख शासन सचिव, पर्यावरण एवं जलवायु




परिवर्तन विभाग के शासन सचिव, उद्योग विभाग के आयुक्त, वित्त (व्यय-3) विभाग के संयुक्त शासन सचिव, पीएचईडी के मुख्य अभियंता शामिल हैं।

वही कृषि, मत्स्य, उद्योग एवं व्यापार और अन्य विषय विशेषज्ञों के तौर पर तीन सदस्य मनोनीत किए गए हैं। इनमें सेवानिवृत्त आई.एफ.एस. संकटा प्रसाद, राधेश्याम सोमानी और केवलचंद गुलेच्छा शामिल हैं। वहीं एक अन्य अधिसूचना के अनुसार स्थानीय निकाय से सम्बंधित पांच सदस्यों को मनोनीत किया गया है।

इनमें कोटा (उत्तर) की महापौर मंजू मेहरा, सागवाड़ा के सभापति नरेंद्र खोडनिया, जोधपुर के पार्षद राम सिंह सांजू, जयपुर से पार्षद दिव्या सिंह और उदयपुर से पार्षद शंकर चंदेल शामिल हैं।

---

**भाजपा नेताओं ने उदयपुर में** ‘इंडिया’ पर हमला बोला

# भाजपा विरोधी सनातन को दे रहे गाली

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने उदयपुर में इंडिया अलायंस पर जमकर हमला बोला। परिवर्तन यात्रा के साथ पहुंचे जोशी ने कहा कि भाजपा विरोधी राजनीतिक दल सनातन को गाली दे रहे हैं। उनसे दूसरी उम्मीद भी नहीं की जा सकती।

हमारा सनातन सबको जोड़ने और सबकी रक्षा करने वाला है। जोशी ने कहा कि इंडिया अलायंस में एक भी नेता ने सनातन विरोधी बयान की निंदा नहीं की, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेसी कुशासन को मिटाने के संकल्प के साथ राजस्थान की चारों दिशाओं में परिवर्तन यात्रा निकाली जा रही हैं, यह यात्रा कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का सबसे मजबूत कारण बनेगी। जोशी ने सीएम गहलोत के उड़ान विवाद को लेकर भी निशाना साधा। जोशी ने कहा कि गहलोत अपने डर का भी राजनीतिक इस्तेमाल करते हैं। अपने विरोध के डर से वह सांगलिया धूणी कार्यक्रम में नहीं आने का उन्होंने बहाना ढूंढा है। इससे जनता की दया नहीं मिलने वाली और न केंद्र सरकार के प्रति किसी की कोई नाराजगी होगी।



### बदलेंगे जिलों की सीमा का निर्णय: राठौड़

राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने जालौर में कहा कि कि हम भाजपा की सरकार आने पर जिलों की सीमाओं को लेकर पुन: विचार करेंगे और बागोड़ा को जालोर जिले में शामिल किया जाएगा। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बागोड़ा को सांचौर में शामिल करने और भीनमाल को जिला नहीं बनाकर जनता के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि जालोर जिले में मिनी सीएम पुखराज पाराशर बैठे हैं, जिनके इशारे से गहलोत सरकार जालोर जिले में फेरबदल करती हैं।

---

**राज्यपाल के कार्यकाल के चार वर्ष पूरे**

# चार साल संविधान संस्कृति की उज्ज्वल राहों को समर्पित: कलराज मिश्र

■ राज्यपाल के रूप में संविधान की मौलिक दृष्टि का किया प्रसार

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को कहा कि राज्यपाल के रूप में उनके पिछले चार वर्ष संविधान संस्कृति की उज्ज्वल राहों को समर्पित रहे हैं।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि संवैधानिक पद होने के नाते राज्यपाल पद की अपनी मर्यादा है और उन्होंने इस पद पर रहते हुए भारतीय संविधान की मौलिक दृष्टि का अधिक से अधिक प्रसार करने का काम किया। मिश्र ने अपने कार्यकाल के शुरुआती चार साल की प्राथमिकताओं और आगामी वर्ष की कार्य योजना को लेकर चर्चा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि संवैधानिक मूल्यों को मूर्त रूप देने के लिए बहुत सारे नवाचार उनके कार्यकाल के इन चार साल में किए गए हैं।




### देश के पहले संविधान पार्क का निर्माण ऐतिहासिक उपलब्धि

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि संविधान के निर्माण और उसके लागू होने की ऐतिहासिक यात्रा की अमिट छवि लोगों के मन में प्रभावी रूप से बने, इसका जो संकल्प उन्होंने लिया था, वह इस वर्ष राजभवन में देश के पहले संविधान पार्क के निर्माण के रूप में पूर्ण हुआ है। उन्होंने कहा कि राजभवन स्थित संविधान पार्क में संविधान से जुड़ी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक यात्रा से जुड़े मूल तथ्यों को संजोया गया है। संविधान की मूल प्रति में शांति निकेतन के प्रख्यात कलाकार नंदलाल बोस और उनके सहयोगियों की बनाई कृतियों को भी यहां जीवंत किया गया है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालयों में संविधान वाटिकाओं का निर्माण करने की शुरुआत की गई है।

### प्रदेश में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की शुरुआत

उन्होंने कहा कि देश में नई शिक्षा नीति लागू किए जाने के बाद राजस्थान ने ही सबसे पहले इसे विश्वविद्यालयों में विधिवत कार्यान्वित करने की शुरुआत की। राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की शुरुआत भी चार वर्षों में की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में च्वाईस बेस्ड सिस्टम लागू करने और सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों को कुलाधिपति पुरस्कार प्रदान करने की पहल की गई, ताकि विश्वविद्यालयों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनी रहे। मिश्र ने कहा कि स्टेट यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने के अलावा मासिक प्रतिवेदन के आधार पर विश्वविद्यालयों का नियमित मूल्यांकन भी राजभवन स्तर पर सुनिश्चित किया गया है।

### राज्यपाल राहत कोष का हुआ डिजिटलाइजेशन

राज्यपाल ने कहा कि चार वर्ष में 22 राज्य वित पोषित विश्वविद्यालयों द्वारा तीन चरणों में कुल 76 गांवों को गोद लेकर उनके विकास की पहल की गई, जिनमें अनुसूचित क्षेत्र के 13 गांव भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह राज्यपाल राहत कोष का पूरी तरह से डिजिटलाइजेशन कर उसके बैंक खाते में ऑनलाइन दान जमा करवाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मिश्र ने कहा कि पिछले चार वर्षों में राजस्थान रेडक्रॉस की निष्क्रिय इकाइयों को सक्रिय करते हुए सभी 33 जिलों में जिला स्तरीय रेडक्रॉस कमेटियों का गठन किया गया। इस अवसर पर मिश्र के चार वर्ष के कार्यकाल पर आधारित ‘संविधान संस्कृति की उज्जवल राहें-प्रतिबद्धता के चार वर्ष’ पुस्तक और उनके शिक्षा से जुड़े आलेखों पर आधारित ‘शिक्षा की संस्कृति’ पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 271 जयपुर, रविवार, 10 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष- एकादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak






**जी20 शिखर सम्मेलन** वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर पर फोकस, भारत की बड़ी उपलब्धि...

# घोषणा पत्र पर लगी सभी देशों की मुहर



## महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर किया गया एक नया कार्य समूह स्थापित

**एजेंसी।** नई दिल्ली

यहां प्रगति मैदान पर भारत की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे जी20 सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैंने दिल्ली घोषणा पत्र को सभी देशों के सामने पेश किया और इसे सभी देशों ने 100 फीसदी सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया है। मोदी ने कहा कि हमारी टीम की कड़ी मेहनत और आपके समर्थन के कारण, नई दिल्ली जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की घोषणा पर आम सहमति बनी है और मैं इस घोषणा पत्र के एडॉप्ट करने का ऐलान करता हूं।

उन्होंने कहा, "इस अवसर पर मैं हमारे मंत्रीगण, शेरपा और सभी अधिकारियों का हृदय से अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने अथाह परिश्रम करके इसे सार्थक किया है।" इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जी20 महिलाओं के सशक्तीकरण में बड़ी भूमिका निभा सकता है। इस पर भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि समूह ने महिलाओं के सशक्तीकरण पर एक नया कार्य समूह स्थापित किया है और ब्राजील अपनी अध्यक्षता के दौरान इसे आगे बढ़ाएगा। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जिस घोषणापत्र पर नेता सहमत हुए हैं वह मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है, एसडीजी पर प्रगति में तेजी लाने का प्रयास करता है, टिकाऊ भविष्य के लिए हरित विकास समझौते की परिकल्पना करता है और सतत विकास के लिए जीवन शैली पर उच्च स्तरीय सिद्धांतों का समर्थन करता है।

-पेज 8 भी देखें

### जी20 समूह ने आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की

जी20 समूह ने आतंकवाद की निंदा करते हुए आतंकी समूहों को सुरक्षित पनाहगाह और भौतिक या राजनीतिक समर्थन से वंचित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। जी20 के घोषणापत्र में कहा गया है कि आतंकवाद की कोई भी कार्रवाई आपराधिक और अनुचित है, चाहे ऐसी कार्रवाई कहीं भी घटित हुई हो और किसी ने भी की हो। जी20 नेताओं ने वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) और एफएटीएफ जैसी संस्थाओं की बढ़ती संसाधन जरूरतों को पूरा करने की भी प्रतिबद्धता जताई। घोषणापत्र में कहा गया है, 'हम शांति के लिए सभी धर्मों की प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हैं और नस्लवाद तथा असहिष्णुता के अन्य रूपों समेत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करते हैं। यह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है।'

### भारत का जलवायु अवलोकन के लिए जी20 उपग्रह का प्रस्ताव

भारत ने ग्लोबल साउथ देशों की मदद करने के उद्देश्य से पर्यावरण और जलवायु अवलोकन के लिए जी20 उपग्रह मिशन का शनिवार को प्रस्ताव किया। मोदी ने कहा कि जी20 उपग्रह मिशन भारत के सफल चंद्रयान मिशन से प्राप्त आंकड़ों की तरह ही पूरी मानवता के लिए फायदेमंद साबित होगा। सम्मेलन के एक सत्र में मोदी ने कहा, 'इससे प्राप्त जलवायु और मौसम संबंधी आंकड़े सभी देशों, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों के साथ साझा किए जाएंगे।

### समिट के पहले दिन हुए दो सत्र

समिट के पहले दिन दो सत्रों को शामिल किया गया। पहले सत्र में वन अर्थ थीम पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र में वन फैमिली पर चर्चा हुई। विश्व बंधुत्व के साथ विश्व शांति की बात हुई और इन्हीं दोनों कार्यक्रमों के बीच भारत के पीएम ने कई द्विपक्षीय बातचीत भी की। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक से पीएम मोदी की गर्मजोशी भरी मुलाकात रही। मोदी ने सुनक को गले से लगाया। दोनों देशों के साथ कारोबार के मुद्दे पर चर्चा हुई। वहीं, जापान के पीएम फुमियो किशिदा के साथ भी पीएम मोदी की द्विपक्षीय बातचीत हुई।



### रात्रिभोज में मुर्मू और मोदी ने किया स्वागत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत मंडपम में जी20 नेताओं और प्रतिनिधियों के लिए आयोजित भव्य रात्रिभोज में उनका स्वागत किया। रात्रिभोज शुरू होने से पहले उन्होंने एक मंच पर अतिथियों का स्वागत किया, जिसकी पृष्ठभूमि में बिहार के नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष और भारत की अध्यक्षता में जी20 की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम्- एक पृथ्वी, एक कुटुम्ब, एक भविष्य' को दर्शाया गया।

### मोदी का मोरक्को को हरसंभव मदद का ऐलान

प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन में अपने शुरुआती भाषण में इस भीषण भूकंप से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'मुश्किल की इस घड़ी में पूरा विश्व समुदाय मोरक्को के साथ है और हम उन्हें हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार हैं।' उधर, संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र भूकंप प्रभावित आबादी की सहायता के प्रयासों में मोरक्को सरकार की सहायता करने के लिए तैयार है।'

### पहले दिन हुए ये बड़े फैसले

- समिट के आगाज के कुछ घंटे के बाद ही सभी देशों ने एक बड़ा फैसला करते हुए अफ्रीकन यूनियन को जी20 का स्थाई सदस्य बनाने का निर्णय लिया।
- अमेरिका, भारत, सऊदी अरब और खाड़ी और अरब देशों और यूरोपीय संघ को जोड़ने वाले व्यापक रेल और शिपिंग कनेक्टिविटी नेटवर्क की घोषणा की गई।
- चीन और रूस की सहमति के बाद दिल्ली घोषणा पत्र को सभी की सहमति के बाद पास कराया गया। मोदी ने कहा कि इस घोषणा पत्र को लेकर 100 फीसदी सहमति बन गई है।
- कोरोना के बाद विश्व में देशों के बीच मौजूद अविश्वास की स्थिति पर सभी ने तय किया कि अविश्वास को जी20 के सदस्य देशों के बीच अधिक सहयोग से दूर किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू गिरफ्तार

**हैदराबाद।** टीडीपी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को कथित भ्रष्टाचार के मामले में शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूर्व सीएम को सीआईडी ने नंदयाला शहर के ज्ञानपुरम में आर के फंक्शन हॉल से सुबह करीब छह बजे गिरफ्तार किया। कौशल विकास घोटाला मामले में एसआईटी और सीआईडी अधिकारियों ने चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार किया है।

### मोरक्को में भूकंप 1037 लोग मरे



**मराकेश।** मोरक्को में शुक्रवार रात भीषण भूकंप के कारण कम से कम 1037 लोगों की मौत हो गई और ऐतिहासिक मराकेश शहर से लेकर एटलस पर्वत पर स्थित गांवों तक कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। देश के गृह मंत्रालय ने शनिवार तड़के बताया कि भूकंप के कारण कम से कम 1037 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंत्रालय ने बताया कि सबसे अधिक नुकसान शहरों और कस्बों के बाहर हुआ है।

-पेज 10 भी देखें

**हेलिकॉप्टर को अनुमति का मामला:** एचएम के स्पष्टीकरण पर प्रतिक्रिया

# गृह मंत्रालय और CM में 'कोल्ड वॉर'

- मंत्रालय का दावा- दे दी गई थी अनुमति
- गलत जानकारी दे रहा है मंत्रालय: सीएम

**बेधड़क।** जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को गृह मंत्रालय पर आरोप लगाया कि उसने, उनके लिए हेलिकॉप्टर की अनुमति के मामले में गलत तथ्य देकर जनता में भ्रम फैलाने का प्रयास किया है। गहलोत ने गृह मंत्रालय के प्रवक्ता के स्पष्टीकरण पर यह प्रतिक्रिया दी। गहलोत ने शुक्रवार को कहा था कि गृह मंत्रालय ने जी-20 की बैठक के कारण उन्हें उदयपुर से सीकर हेलिकॉप्टर से जाने की अनुमति नहीं दी थी, जिसके कारण वे सांगलिया पीठ




नहीं जा पाए। इस पर शनिवार को गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया था, 'एक समाचार रिपोर्ट में, राजस्थान के मुख्यमंत्री ने गृह मंत्रालय के उनकी हेलिकॉप्टर उड़ान के लिए मंजूरी नहीं देने दावा किया है। सीएम की ओर से सीकर के लिए उड़ान की अनुमति सहित 4 अनुरोध प्राप्त हुए थे और सभी को मंजूरी दे दी थी।"

प्रवक्ता ने कहा था कि राजस्थान के मुख्यमंत्री के किसी भी अनुरोध को अस्वीकार नहीं किया गया है। वाणिज्यिक विमानों की सभी निर्धारित उड़ानों, राज्यपालों और राज्य के मुख्यमंत्रियों को अपने राज्य के विमानों से आवाजाही की अनुमति है। केवल निजी चार्टर्ड उड़ानों को मंत्रालय से विशिष्ट मंजूरी की आवश्यकता होती है।

गृह मंत्रालय के प्रवक्ता के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए गहलोत ने कहा कि उनका शुक्रवार को उदयपुर से जयपुर विमान से तथा जयपुर से सीकर एवं सीकर से निवाई हेलिकॉप्टर से जाने का कार्यक्रम था। उन्होंने कहा कि इसके लिए हेलिकॉप्टर को पहले से उदयपुर से जयपुर पहुंचना था, परन्तु ऐसा बताया गया कि जी-20 प्रोटोकॉल के कारण हेलिकॉप्टर या विमान तभी यात्रा कर सकते हैं, जब मुख्यमंत्री स्वयं उसमें सवार हो।

### आज प्रियंका की निवाई में जनसभा

**जयपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रविवार को टोंक जिले के निवाई में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। वे ग्रामीण इंदिरा रसोई योजना की शुरुआत भी करेंगी। वे दोपहर 12 बजे टोंक के निवाई स्थित झिलाय से इन्दिरा रसोई योजना-ग्रामीण की शुरुआत करेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी मौजूद रहेंगे और विभिन्न जिलों में संचालित इन्दिरा रसोइयों के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। प्रियंका की इस जनसभा को चुनावों के लिहाज से अहम माना जा रहा है।



**बर्खास्त मंत्री शिवसेना में शामिल**

# गुढ़ा ने जनता की आवाज उठाई, पद त्यागा: शिंदे

### गठबंधन के सवाल को टाल गए शिंदे

**बेधड़क।** झुंझुनूं

गहलोत मंत्रिमंडल से बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा शनिवार को शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। गुढ़ा गांव में एक कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सीएम शिंदे ने पार्टी में उनका स्वागत करते हुए कहा कि गुढ़ा ने जनता की आवाज उठाई, मंत्री पद त्याग दिया। गुढ़ा ने महिला सुरक्षा की बात की थी। शिंदे ने राजस्थान में भाजपा के साथ गठबंधन के सवाल को टालते हुए कहा कि हम विकास की राजनीति करेंगे। गौरतलब है कि गुढ़ा ने राज्य मंत्री रहते हुए 17 जुलाई को विधानसभा में कानून-व्यवस्था को लेकर अपनी ही सरकार को घेरा था, जिसके बाद उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया था।



**झालावाड़ पुलिस की कारगुजारी**

# पुलिस ने सरगनाओं को बचाया... मृतकों को तस्कर बताया

- किसी की पांच साल पहले तो किसी की दस वर्ष पूर्व हो चुकी मौत
- पुलिस की विजिलेंस शाखा की जांच में हुआ खुलासा
- तीन थानों में सामने आई गड़बड़ी, अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

**ओम प्रकाश शर्मा** | बेधड़क

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के कारनामे वैसे तो आए दिन चर्चा में रहते हैं, लेकिन इस बार पुलिस की कारगुजारी आपको आश्चर्य में डाल सकती है।

झालावाड़ पुलिस ने मादक पदार्थों के मुख्य तस्करों को बचाने के लिए ऐसे लोगों को आरोपी बना दिया, जिनकी पांच साल पहले ही मौत हो चुकी है। पुलिस ने इन मृतकों का एफआईआर में नाम जोड़कर उन्हें मुख्य सरगना बना दिया। यह खुलासा पुलिस मुख्यालय विजिलेंस शाखा की जांच में हुआ है। पड़ताल में सामने आया है कि झालावाड़ भवानी मंडी पुलिस थाना, पगरिया थाना और मिसरोली पुलिस थाना में दर्ज किए गए एनडीपीएस एक्ट के मुकदमों में यह गड़बड़ी की गई है।

इन मामलों में झालावाड़ जिले में तैनात रहे तत्कालीन पुलिस अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध मानी गई है, लेकिन जांच थाना स्तर पर पूरी कर इतिश्री मान ली गई। ऐसे में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

### छह मुकदमों में हुई गड़बड़ी



पड़ताल में सामने आया कि भवानी मंडी, पगरिया और मिसरोली थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की थी। पुलिस ने मादक पदार्थों से भरे वाहनों को जब्त किया था। साथ ही, चालक व खलासी को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन पुलिस उन आरोपियों तक नहीं पहुंची, जहां से चालक व खलासी मादक पदार्थ लेकर सप्लाई देने जा रहे थे। पुलिस ने उन आरोपियों को एफआईआर में नामजद करने के बजाय ऐसे लोगों को आरोपी बनाकर नामजद कर लिया, जिनमें किसी की पांच साल पहले तो किसी की दस साल पहले मौत हो चुकी थी। विजिलेंस जांच में भवानी मंडी पुलिस ने वर्ष 2022 में दर्ज हुए मुकदमा संख्या 782, 75, 77 और 182 में गडबड़ी होना माना है, जबकि पगरिया पुलिस थाने में वर्ष 2021 में दर्ज हुए मुकदमा संख्या 65 और मिसरोली में पिछले साल दर्ज हुए एक मुकदमे में फर्जीवाड़ा होना माना है।

### मजदूरों के नाम इकरारनामा

पुलिस की जांच में सामने आया कि गिरफ्तारी के डर से तस्करों ने ट्रक खरीदकर मजदूरों के नाम से इकरारनामा बना रखा है, ताकि पुलिस की कार्रवाई के बाद सरगनाओं का नाम सामने नहीं आए। उन मजदूरों तक पुलिस पहुंची तो उनकी मौत हो चुकी थी और पुलिस ने उनको भी आरोपी बना दिया। पुलिस सूत्रों का दावा है कि इन मुकदमों में मुख्य सरगनाओं को बचाने के लिए घूस का लेनदेन हुआ है। इस पूरे प्रकरण में एक बड़े अधिकारी की भूमिका भी सामने आई है।

> यह मेरे यहां आने से पहले का मामला है। इसकी जांच विजिलेंस पुलिस मुख्यालय द्वारा की गई है।
>
> **रिचा तोमर,** एसपी, झालावाड़

## जरूरी खबर

### लोक अदालत में 13 साल से चल रहा मनमुटाव खत्म



**सीकर।** जिला सेशन कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में कुल 1075 प्रकरण प्राप्त हुए। इसमें राजीनाम योग्य 680 प्रकरणों का निपटारा हुआ। वहीं फैमिली कोर्ट के 42 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। इसमें 7 जोड़े फिर से एक साथ रहने के लिए राजी हुए। सीकर के रहने वाले एक विवाहित जोड़े में पिछले 13 सालों से मनमुटाव चल रहा था। पति-पत्नी अलग-अलग रह रहे थे। महिला के 2 बेटे भी हैं। दोनों पक्षों के वकीलों ने जोड़े की काउंसलिंग कर समझाइश की। इसके बाद दोनों एक साथ रहने को राजी हो गए। दोनों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर मिठाई खिलाई।

### ऑयल व उपकरण चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**झालावाड़।** विद्युत ट्रांसफार्मर से ऑयल व उपकरण चुराने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि 14 अगस्त को निशांत चौधरी कनिष्ठ अभियंता हेमडा थाना सुनेल ने 9 रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें ट्रांसफार्मर से ऑयल व उपकरण चोरी होने की शिकायत दी थी। इस पर पुलिस ने आरोपी भवानी लाल धाकड़ (35) निवासी सामीया थाना सुनेल, श्यामलाल धाकड़ (48) निवासी व रमेशचन्द (45) निवासी उन्हैल को गिरफ्तार किया है।

### तेज रफ्तार कार 3 फीट ऊंचे डिवाइडर पर चढ़ी



**अलवर।** जिले के भिवाड़ी में शनिवार सुबह 11 बजे एक तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक कार 3 फीट ऊंचे डिवाइडर पर चढ़कर झूलने लगी। गनीमत रही कि कोई राहगीर या वाहन कार की चपेट में नहीं आया। बाद में कार चला रहा शख्स उतरकर फरार हो गया। घटना का सीसीटीवी सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शी साहिल खान ने बताया कि हुंडई की काले रंग की इलेक्ट्रिक कार भिवाड़ी से अलवर की तरफ जा रही थी। भिवाड़ी-अलवर स्टेट हाईवे पर नवीन ट्रेवल्स के पास कार फोरलेन के कट के 3 फीट ऊंचे डिवाइडर से धमाके के साथ टकराई और डिवाइडर की दोनों दीवारों पर झूलने लगी और लोक सकते में आ गए।

**विद्यालय गेट पर तालाबंदी कर जताया विरोध,** विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य पर लगाया धमकाने का आरोप

# प्रतियोगिता में टीम नहीं भेजने पर फूटा विद्यार्थियों का गुस्सा

**बेधड़क** | निवाई

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम नहीं भेजने को लेकर विद्यार्थियों का गुस्सा फूट पड़ा। मामला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वनस्थली का है, जहां छात्र-छात्राओं ने विद्यालय गेट पर ताला लगा दिया और विद्यालय प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठ गए।

विद्यालय प्रशासन के खिलाफ विद्यार्थियों ने जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर पर सैकड़ों ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। छात्रा पायल गुर्जर ने बताया कि हर वर्ष विद्यालय से फुटबॉल की टीम खेलने के लिए जाती रही है। विद्यालय की टीम राज्य स्तर तक खेल चुकी है। इसके बावजूद विद्यालय की प्रधानाचार्य सरोज व्यास को बार-बार कहने पर भी टीम को नहीं भेजा जा रहा है।

टीम को प्रतियोगिता में भेजने के लिए कहने पर प्रधानाचार्य द्वारा मारपीट की जाती है और टीसी काटने की धमकी दी जाती है। छात्र-छात्राओं को झूठे केस में फंसाने की धमकी प्रधानाचार्य द्वारा दी जा रही है। छात्र-छात्राएं, ग्रामीण और परिजन टीम को खेल प्रतियोगिता भेजने व प्रधानाचार्य को हटाने की मांग पर अड़ गए हैं।



### अधिकारी और जनप्रतिनिधि पहुंचे मौके पर

विद्यालय में ग्रामीणों और विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के कई आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। इनमें मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीना बंसल, निवाई थाने के हेड कांस्टेबल प्रेम प्रकाश मौका स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को प्रधानाचार्य के दुर्व्यवहार से अवगत करवाया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने भी आक्रोशित विद्यार्थियों, परिजनों और ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास किया। सूचना मिलने पर सरपंच लक्ष्मण सिंह, पंचायत समिति सदस्य विष्णु शर्मा, राजेंद्र शर्मा, विशाल यादव, दयाराम गुर्जर, शशिकांत पुरोहित, किशन सिंह, संजय जैन, जय सिंह भी मौके पर पहुंचे।

### प्रधानाचार्य की कार्यशैली पर उठाए सवाल

शिक्षा अधिकारी के मौका स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीण और छात्रों से वार्ता की। इस दौरान अध्यापक और ग्रामीणों ने भी प्रधानाचार्य की कार्यशैली पर सवाल उठाए। जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के सामने प्रधानाचार्य की शिकायत दर्ज करवाई। अध्यापकों ने प्रधानाचार्य पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का भी आरोप लगाया। वार्ता के दौरान कुछ देर तक हंगामा हो गया। जनप्रतिनिधि भी नाराज होकर बाहर आ गए। इस पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाचार्य को जमकर लताड़ लगाई।

**मुख्यमंत्री का जोधपुर दौरा,** विभिन्न कार्यक्रमों में लिया भाग

# विजन 2030 डॉक्यूमेंट से होगा योजनाबद्ध विकास: मुख्यमंत्री

■ शेरगढ़ में कल्याण सिंह राठौड़ व ओसियां में रणजीत सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**बेधड़क** | जोधपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को जोधपुर दौरे पर रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवसृजित फलौदी जिले के चौरड़िया गांव में स्व. कल्याण सिंह राठौड़ की प्रतिमा अनावरण किया।

सीएम ने इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के समाज कल्याणकारी अनुभवों से मिली सीख से ही जनसेवा के कार्य किए हैं। इनमें शेरगढ़ के पूर्व प्रधान कल्याण सिंह राठौड़ से भी सीखने को मिला है। अब ग्राम चौरड़िया में उनकी प्रतिमा भी नई पीढ़ियों को सेवा भाव, संस्कार, संस्कृति और परम्पराओं के लिए प्रेरित करती रहेगी।



वहीं जोधपुर ग्रामीण के ओसियां में पूर्व विधायक स्व. रणजीत सिंह के प्रतिमा अनावरण समारोह को सम्बोधित करते हुए सीएम ने कहा कि रणजीत सिंह सादगी के धनी एवं समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले राजनेता थे। उन्होंने ओसियां के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया एवं कई कार्यकाल तक विधायक के रूप में जनता की सेवा की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से विकास के लिए विजन 2030 डॉक्यूमेंट तैयार करवाया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि हर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के साथ राजस्थान को वर्ष 2030 तक देश के अग्रणी राज्यों में शामिल कराना राज्य सरकार का ध्येय है।

इसके लिए विजन-2030 के तहत भविष्य की योजना तैयार की जा रही है। गहलोत ने राज्य के विकास के लिए प्रदेशवासियों से विजन 2030 डॉक्यूमेंट के लिए सुझाव देने का आह्वान किया।

### कन्वेंशन सेंटर के कार्यों को देखा

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को जोधपुर यात्रा के दौरान पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित अंतरराष्ट्रीय कल्चरल एवं कन्वेंशन सेंटर के निर्माणाधीन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कल्चरल



सेंटर में स्थित आर्ट गैलेरी, वीआईपी लॉज, ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण किया। जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा करीब 100 करोड़ से यहां निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। वर्तमान में परियोजना का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री गहलोत ने शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय परिसर स्थित राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान के निर्माणाधीन कार्य का अवलोकन कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल छात्रावास के निर्माणाधीन भवन का भी अवलोकन किया।

### गहलोत ने रामदेवरा मंदिर में किए दर्शन

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को रामदेवरा पहुंचे। मुख्यमंत्री के हेलीपेड पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री शाले मोहम्मद ने आगवानी की। जैसलमेर विधायक रूपाराम धनदेव, पूर्व पालिकाध्यक्ष आनंदीलाल गुचिया, पूर्व जिला प्रमुख अब्दुला फकीर, पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर, अब्दुल रहमान, नारायण रंगा सहित कई नेताओं ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जैसलमेर में बाबा रामदेव समाधि के दर्शन करने पूजा-अर्चना कर देश प्रदेश में अमन चैन खुशहाली की कामनाएं की।

**आरोपियों ने कबूली** दस वारदातें

# दो ट्रैक्टर और 9 ट्रॉली बरामद, 11 बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

जिले की सदर निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोर गिरोह का पर्दाफाश कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे चोरी के 2 ट्रैक्टर व 9 ट्रॉली बरामद की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने वाहन चोरी की 10 वारदातें कबूली हैं। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि 29 अगस्त को बिनोता निवासी सोहन लाल कुमावत ने घर के बाहर से ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी की रिपोर्ट थाना सदर निम्बाहेड़ा पर दर्ज कराई थी। घटना के खुलासे के लिए एक टीम गठित की गई।

अनुसंधान अधिकारी एएसआई बाबूलाल के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी आधार पर अनुसंधान कर ट्रैक्टर-ट्रॉली चोर गिरोह का पर्दाफाश कर 11 आरोपियों को धर-दबोचा। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दिन के समय गांवों में घूमकर पहले रैकी कर सुनसान जगह पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली को रात में मौका देखकर चुरा लेते थे। बाद में इस पर विक्रम तेली निवासी बाडी से पेंट करवा कर हुलिया बदलने के बाद खुर्दबुर्द कर देते थे। आरोपियों से पूछताछ में और भी कई वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।



### ये हुए गिरफ्तार

जिला चित्तौडगढ़ निवासी प्रहलाद रायका (30), चापाखेड़ी थाना भदेसर निवासी विनोद जाट (25), जीतावास थाना भदेसर निवासी देवीलाल लोदा (24), चापाखेड़ी निवासी सोहनलाल भील (24), एमपी के नया गांव थाना जावद निवासी अनिल जाट (24), बाड़ी थाना सदर निम्बाहेडा निवासी विक्रम साहू (22), राहुल गुर्जर (20), कमल जाट (33), भदेसर निवासी लोभचन्द भील (25), कन्हैया लाल भील (19) व शोभालाल भील (20) को गिरफ्तार किया है।

**संत-महंतों के सानिध्य में** अर्पित किया पदयात्रा का ध्वज

# जयकारे लगाते रुणिचा पहुंचे श्रद्धालु

**बेधड़क** | बिलोंची

ग्राम बिलोंची स्थित वीर तेजाजी मंदिर से सर मोड़ अरावली पर्वतमाला पर स्थित रुणिचा धाम रामदेवरा के लिए 13वीं पदयात्रा गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। मंदिर पुजारी शंकर शर्मा और घनश्याम शर्मा ने ध्वज पूजा के बाद पदयात्रा को रवाना किया।

यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष रामदेवजी के लोक भजनों की धुन पर झूमते-नाचते चल रहे थे। इस दौरान जयकारों से माहौल गूंज उठा। रुणिचा धाम में पद यात्रा के पहुंचने पर मंदिर महंत राम कुमार दास महाराज के सानिध्य में ध्वज पूजन किया गया। इसके बाद ध्वज लोकदेवता रामदेवजी को अर्पित किया गया। वहीं वैष्णो देवी मंदिर में माता का श्रृंगार किया गया।



इस मौके पर आयोजित विशाल भण्डारे में त्रिवेणी धाम के खोजीद्वाराचार्य रामरिछपाल दास महाराज ने कहा कि प्रतिवर्ष राम रुणिचा धाम में यह आयोजन होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए।

राम रुणिचा धाम के महंत रामकुमार दास महाराज, पुजारी रामवीरदास महाराज ने बताया पद यात्रा बिलोंची सर कालीघाटी घटवाड़ा समरपुरा से मंदिर पंहुची। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

इस मौके बिलोंची सरपंच मामराज गुर्जर, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं आमेर विधायक डॉ. सतीश पूनियां, पूर्व विधायक गंगासहाय शर्मा, उप जिला प्रमुख मोहन डागर, संगीता सिहाग, मन्दिर कमेटी अध्यक्ष कुम्भाराम जाट, बनवारी लाल गुर्जर, सोहन दोतोलिया, महेश दोतोलिया, सुवालाल जाट, केलाश यादव, हरि घोसल्या, बाबू पटेल सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

**जनता जल योजना** में होंगे 135 करोड़ के टेंडर

# लोगों को जल्द मिलेगा पेयजल

**बेधड़क** | टोंक

जिले की निवाई विधानसभा क्षेत्र के लोगों की पेयजल समस्या अब जल्द खत्म होगी। स्थानीय सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने निवाई में जल्द ही जनता जल योजना के तहत 135 करोड़ का टेंडर होने की जानकारी देते हुए कहा कि अब जल्द ही निवाई के 200 गांवों को पीने का पानी मिलेगा।

इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय कलेक्टर समिति प्रशासन पर केंद्रीय योजनाओं को लेकर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी अधिकारियों से केंद्रीय योजना के क्रियान्वयन संबंधित जानकारी ली जाती है तो वे ध्यान नहीं देते। शहर में कई जगह पर पीने का पानी लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इसके साथ जिला मुख्यालय पर ही सड़कें खुदी पड़ी है। इसके संबंध में न तो पीएचईडी और ना पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ध्यान दे रहे हैं।



इसके साथ उन्होंने टोंक जिले में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि 12 सितंबर को निवाई में प्रवेश करेगी। इसके बाद टोंक जिला मुख्यालय पर भी सभा होगी।

उन्होंने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के राजस्थान दौरे को लेकर कहा कि भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा से कांग्रेस बौखला गई है। इसके चलते निवाई में परिवर्तन यात्रा के प्रवेश करने से ठीक पहले प्रियंका गांधी की जनसभा की जा रही है।

**एक दर्जन से अधिक जगह बारिश, बाड़मेर में रहा सर्वाधिक तापमान**

# कहीं सूखी फसलें तो कहीं पर राहत बन बरसे बादल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में एक दर्जन से अधिक जगहों पर शनिवार को बारिश हुई। इसके बाद आमजन को गर्मी से हल्की राहत मिली। वहीं बारिश की बूंदे कई जगह फसलों के लिए वरदान बनकर बरसी। राज्य में पिछले दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान में शनिवार को हल्की गिरावट भी दर्ज की गई। शुक्रवार की तुलना में शनिवार को कई जगह तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। शनिवार को राज्य में सर्वाधिक तापमान बाड़मेर में 40.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

इसके अलावा प्रदेश के अधिकांश जिलो में तापमान 35 से 40 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। दूसरी तरफ शेखावाटी के कई इलाकों में बारिश नहीं होने की वजह से फसलें सूखना शुरू हो गई हैं। कई जगह बाजरे की फसल सूखने की वजह से किसानों के सामने चारे का संकट खड़ा हो गया है। आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी। प्रदेश में एक दर्जन से अधिक जगह शनिवार को बारिश हुई। इनमें जयपुर के अलावा टोंक, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, सिरोही, पाली, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर के अलावा प्रतापगढ़ समेत कई जगह शामिल है। कई जगह तो सुबह से ही बारिश शुरू हुई जो देर रात तक जारी रही।



### जलने लगी खेतों में खड़ी फसलें

शेखावाटी इलाकों में खरीफ सीजन की शुरुआत में बारिश अच्छी होने से किसानों ने बारानी और सिंचित क्षेत्र में बुवाई की। शुरुआती दौर में फसल भी अच्छी हुई, लेकिन इन क्षेत्रों में पिछले एक महीने से बारिश नहीं होने तथा धूप में तेजी के कारण खेतों में खड़ी फसल सूख गई है। कृषि विभाग भी फसलों की उत्पादकता दर में गिरावट आना तय मान रहा है।

**पांच फीसदी अधिक बारिश:** जल संसाधन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में मानसून के सीजन में सामान्य से 5 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है।

### फसलों पर संकट से किसान चिंतित

पर्याप्त बारिश नहीं होने से अब फसलों पर संकट मंडराने लगा है। ऐसे में किसान चिंतित हैं। शेखावाटी क्षेत्र में मूंग सहित बाजरा, मोठ, ग्वार व तिल की फसलों को बारिश की जरूरत है। मूंग 60 दिनों में पककर तैयार हो जाता है। इसके अलावा मूंगफली और बाजरा फसलों पर भी संकट के बादल छाए हुए हैं। दक्षिणी-पश्चिमी हवा की वजह से इनमें भी कीट का प्रकोप और बारिश की कमी के कारण सूखने का डर बना हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान दलहनी फसलों में हुआ है। किसानों का कहना है कि एक तो उनकी फसल तबाह हो गई और अब इस बर्बाद फसल को हटाने के लिए मजदूरी का भार झेलना पड़ रहा है।

### सक्रिय होगा मानसून

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 10 सितंबर से राज्य में बारिश की गतिविधियों में थोड़ी कमी होगी और केवल पूर्वी राजस्थान में हल्की बारिश होने की संभावना रहेगी। इसके अलावा 13 और 14 सितंबर से पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में एक बार पुनः मानसून सक्रिय होगा और मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

# टिकट के दावेदारों की जानी जमीनी हकीकत

**बेधड़क** | बस्सी

कानोता बस्सी के कल्याण सागर गार्डन में विधानसभा चुनाव में बस्सी से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों के बारे रायशुमारी और विचार-विमर्श करने के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बस्सी, तूंगा की संयुक्त मीटिंग का आयोजन किया गया।

इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त दौसा लोकसभा प्रभारी किशन पटेल पूर्व सांसद गुजरात, जमवारामगढ़ विधायक गोपाल मीणा, कांग्रेस प्रदेश महासचिव आलोक पारीक, जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष आरसी चौधरी व अन्य पदाधिकारियों ने इच्छुक प्रत्याशियों व उनके समर्थकों से वन-टू-वन चर्चा करके क्षेत्र में धरातल पर कांग्रेस की स्थितियों का आकलन किया। विधायक लक्ष्मण मीणा ने 10 सितंबर को निवाई में होने वाली प्रियंका गांधी की रैली में कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में निवाई पहुंचने का आह्वान किया।



इस अवसर पर आरसी चौधरी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने की बात कही। इस मौके पर बस्सी प्रधान इंदिरा देवी, तुंगा प्रधान कृष्ण अवतार मीणा, सुरेंद्र सिंह बराला, गिरिराज समोत्या, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जरूरी खबर

### जेडीए ने तीन अवैध कॉलोनियां ध्वस्त की



**जयपुर।** जेडीए ने शनिवार को जोन 13 के आकेड़ा गांव में करीब 440 वर्गगज की कृषि भूमि पर बन रहे आठ अवैध विलाज को सील किया है। मुख्य नियंत्रक धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि आकेड़ा गांव में खसरा नंबर 2 से 10 15 से 20 में कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति और बिना भू-रूपांतरण कराए व्यवसाय के लिए विलाज का निर्माण किया जा रहा था। इस पर जेडीए एक्ट का नोटिस जारी कर मौका पर बने आठों विलाज को सील कर दिया। इसके अलावा जोन 10 में इकोलॉजिकल जोन में स्थित भावगढ़ बंध्या में भी करीब तीन बीघा निजी खातेदारी भूमि पर बन रही तीन अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया है। भूमाफिया इकोलॉजिकल जोन में कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति निर्माण कार्य कर रहे थे।

### 8वें दिन भी बंद रही एंबुलेंस सेवा मरीज रहे परेशान

**जयपुर।** प्रदेश में 108 व 104 एंबुलेंस सेवा पिछले 8 दिन से बंद है। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर राजधानी स्थित शहीद स्मारक पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इधर, शुक्रवार को देर रात पुलिस प्रशासन ने धरना स्थल से यूनियन के 5 पदाधिकारियों को हिरासत में ले लिया और बाकी सभी कर्मचारियों को बसों में भरकर जयपुर से बाहर अलग-अलग जगह छोड़ दिया। राजस्थान एंबुलेंस कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने एंबुलेंस कर्मचारियों के साथ वार्ता करने व मांगों का समाधान करने के बजाय उनके आंदोलन को दमनकारी नीति से कुचला है। हम सरकार को बताना चाहते है कि आपने अपने पुलिस बल द्वारा इनका आंदोलन को कुचल तो दिया, लेकिन सभी कर्मचारी राजस्थान में कांग्रेस सरकार बहिष्कार करेंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## मोती डूंगरी मंदिर में गणेश चतुर्थी की तैयारियां जोरों पर, सेवादारों का होगा ड्रेस कोड

# गजानन के सजेगी 100 पीपे देशी घी से बनाए लाडुओं की झांकी

**बेधड़क** | जयपुर

मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में सोमवार से 20 सितंबर तक कई आयोजन होंगे। कार्यक्रमों की शुरुआत सोमवार को पुष्य नक्षत्र के दिन ध्वजारोहण और ध्वज पूजन के साथ जन्मोत्सव से होगी। वहीं, 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी मनाकर 20 सितंबर को शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

गणेश चतुर्थी के मौके पर मंदिर में 100 पीपे देसी घी के लड्डुओं की झांकी, पाली के सोजत से मंगाई 3500 किलो मेहंदी से सिंजारा, हीरे जड़ित सोने का मुकुट धारण करके चांदी के सिंहासन पर विराजमान गणेश जी की झांकी खास रहेगी। महंत कैलाश शर्मा ने भगवान गणपति को भगवान शिव का गण बताते हुए कहा कि गणों में जात-पात नहीं होता। निश्चित परिधान की व्यवस्था केवल मंदिर में सेवा करने वालों के लिए है। यहां दर्शन और सेवा के बीच में एक दहली है। इसलिए सेवादारों का ड्रेस कोड है, दर्शन करने वालों का कोई ड्रेस कोड नहीं है।

### 5 लाइन में प्रवेश, 6 से निकास

गणेश चतुर्थी के दिन सुबह 4:00 बजे मंगला आरती के साथ गणेश जी महाराज के दर्शन की व्यवस्था रहेगी। इस दिन 11:20 पर विशेष पूजन 11:30 पर श्रृंगार आरती, दोपहर 2:15 बजे भोग आरती, शाम 7:00 संध्या आरती और रात 11:45 होगी। दर्शन के लिए 5 लाइन मंदिर में आने के लिए और 6 लाइन मंदिर से जाने की रखी गई है। निशक्तजनों के लिए विशेष रूप से व्यवस्था की गई है। सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ, मेटल डिटेक्टर गेट, 58 सीसीटीवी कैमरे भी इंस्टॉल किए गए हैं। सुबह 4:00 से पूरे दिन भगवान के दर्शन किए जा सकेंगे।



### इत्र अभिषेक के बाद होगा ध्वज पूजन

सोमवार सुबह 8:00 पुष्य नक्षत्र में भगवान गणेश का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद भगवान का गुलाब जल और केवड़ा जल से अभिषेक होगा। इत्र अभिषेक होने के बाद ध्वज पूजन और ध्वजारोहण किया जाएगा। इस मौके पर 501 महिलाएं कलश यात्रा लेकर मंदिर पहुंचेगी। इसके जल से भगवान का अभिषेक होगा। बुधवार को 100 किलो देसी घी से तैयार 251 किलो के दो, 51 किलो के पांच, 21 किलो के 21, सवा किलो के 1100 और अन्य छोटे मोदकों की झांकी सजाई जाएगी।

### मेहंदी का प्रसाद वितरण 18 को

गणेश चतुर्थी से 1 दिन पहले भाद्रपद तीज को शाम 6:15 बजे प्रथम पूज्य का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद सिंजारे की मेहंदी धारण कराई जाएगी। इसी दिन गणेश जी महाराज को स्वर्ण मुकुट और नौलखा हार धारण कराया जाएगा और भगवान को चांदी के सिंहासन पर विशेष पोशाक धारण कराई जाएगी।

## राजीव आवासीय योजना में 2013 में बनाने थे 23 सौ फ्लैट

# दस साल से धूल फांक रहे गरीबों के 1,248 आशियाने

### भट्टा बस्ती के संजय नगर में बने फ्लैट्स की हो रही दुर्दशा, गेट और जालियां गायब

**बेधड़क** | जयपुर

कच्ची बस्तियों के लोगों को पक्की छत मिले, इसके लिए राजीव आवासीय योजना में गरीबों के लिए बने 1248 आवास पिछले दस साल से धूल फांक रहे हैं। भट्टा बस्ती के संजय नगर में बने ये फ्लैट केन्द्र सरकार की राजीव आवासीय योजना में 2013 में बनाए गए थे, जिसमें राज्य सरकार का भी अंशदान था।

क्षेत्र में कच्ची बस्ती के लोगों के लिए ये फ्लैट बन तो गए, लेकिन स्वार्थ की राजनीति के कारण इनका आज तक आवंटन नहीं हो पाया है। वर्तमान में हालात ये हैं कि इन 1248 फ्लैट के गेट और जालियां तक गायब हो चुके हैं और ये अब अपराधिक प्रवृति के लोगों की शरणगाह बने हुए हैं। स्थानीय निवासी मोहम्मद साबिर ने बताया कि इन फ्लैटों के निर्माण पर यहां के वाशिंदों में खुशी की लहर थी। उस समय के स्थानीय नेताओं ने भी इस योजना पर खूब वाहवाही लूटी थी, लेकिन आज तक ये फ्लैट लोगों को नसीब नहीं हुए।





### योजना में 96 करोड़ रुपए हो चुके हैं खर्च

राजीव गांधी आवासीय योजना में बने इन फ्लैटों का निर्माण 2013 में हुआ था। इनमें कुल 2300 फ्लैट बनने थे, जिनमें 1248 पूर्णरूप से बन चुके हैं। इन फ्लैटों के निर्माण में 96 करोड़ की लागत आ गई थी। इनमें 50 प्रतिशत केन्द्र सरकार, 30 प्रतिशत राज्य सरकार, 10 प्रतिशत नगर निगम और 10 प्रतिशत फ्लैट के लिए आवेदन करने वाले को देने थे, लेकिन राज्य और केन्द्र सरकार के बीच सामंजस्य नहीं होने से इन्हें बनाने वाली फर्म का पैसा अटक गया और इनके आवंटन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई। इसके अलावा शेष 1052 फ्लैट का काम ही चालू नहीं हो पाया।

### हेरिटेज निगम महापौर ने दिखाई थी दिलचस्पी

हालांकि, शहर में दो नगर निगम बनने के बाद ये एरिया हेरिटेज के पास आ गया। ऐसे में हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने 2021 में इन फ्लैट का दौरा किया और योजना पर दुबारा काम कराना शुरू किया। इसके लिए महापौर ने डीपीआर निकालने की भी घोषणा की थी, जिसमें आधारभूत सुविधाओं में सड़क, सीवरेज एवं लाइट आदि के लिए डीपीआर बनाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश भी दिए थे। बजट की समस्या आने पर राज्य सरकार ने हाथ पीछे खींच लिए और योजना फिर से ठण्डे बस्ते में चली गई।

## कार्यभार संभाला

# केएल श्रीवास्तव बने राजस्थान यूनिवर्सिटी के कार्यवाहक कुलपति



**बेधड़क** | जयपुर

जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी जोधपुर के कुलपति प्रो. केएल श्रीवास्तव ने शनिवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी के कार्यवाहक कुलपति पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

कुलपति सचिवालय में इस मौके पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान श्रीवास्तव ने कहा कि मैं खुद भी एक शिक्षक हूं। ऐसे में राजस्थान यूनिवर्सिटी की प्रतिष्ठा को और ज्यादा बढ़ाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए हम सब मिलकर यूनिवर्सिटी के लिए काम करेंगे, ताकि राजस्थान यूनिवर्सिटी का नाम न सिर्फ राजस्थान और देश बल्कि दुनियाभर में रोशन हो सके। वहीं, राजस्थान यूनिवर्सिटी सेवानिवृत्त कर्मचारी एसोसिएशन ने कार्यवाहक कुलपति श्रीवास्तव की नियुक्ति का विरोध किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार ने स्थाई कुलपति नियुक्त करने के बजाय कार्यवाहक कुलपति नियुक्त किया है। ऐसे में अगर सरकार को कार्यवाहक कुलपति ही बनाना था तो जयपुर के आसपास की किसी यूनिवर्सिटी के कुलपति को ही अतिरिक्त चार्ज दिया जा सकता था

## शिक्षक भर्ती परीक्षा लेवल-2 का रिजल्ट जारी

# हिंदी विषय में 2,450 बने शिक्षक

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने शनिवार को शिक्षक भर्ती परीक्षा लेवल-2 के हिंदी, पंजाबी और सिंधी विषय का अंतिम परिणाम जारी कर दिया। आयोग ने हिंदी विषय में कुल 3176 पदों पर 2450, पंजाबी विषय में 272 पदों पर 178 और सिंधी विषय के 9 पदों पर एक अभ्यर्थी का फाइनल सिलेक्शन किया है। तीनों विषयों के 828 पद खाली रह गए हैं। बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि लेवल-2 के शेष रहे विषयों का परिणाम भी इसी महीने जारी कर दिया जाएगा। बोर्ड ने लेवल-2 के सभी विषयों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम पूरा कर लिया है, ऐसे में जल्द ही परिणाम घोषित हो सकते हैं।



### ये रही लेवल-2 हिंदी की कटऑफ

| श्रेणी | कटऑफ |
|---|---|
| सामान्य | 239.88 |
| ओबीसी | 238.31 |
| ईडब्ल्यूएस | 232.61 |
| एमबीसी | 229.56 |
| एससी | 225.04 |
| एसटी | 216.41 |

## जलदाय मंत्री महेश जोशी ने किया पेयजल योजनाओं का शिलान्यास

# हवामहल क्षेत्र के लोगों को 76 करोड़ की सौगात

**बेधड़क** | जयपुर

जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने शनिवार को नगर खण्ड तृतीय (उत्तर) ब्रह्मपुरी के अधीन हवामहल विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न पेयजल योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मंत्री जोशी ने ब्रह्मपुरी क्षेत्र में 15.01 करोड़ रुपए के तीन कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें ब्रह्मपुरी हेडवर्क्स में 20 लाख लीटर क्षमता का उच्च जलाशय, 50 लाख लीटर क्षमता का स्वच्छ जलाशय, बेनीवाल बाग गुर्जर घाटी में 20 लाख लीटर क्षमता का स्वच्छ जलाशय और क्षेत्र में कुल 10575 मीटर पाइप लाइन जोड़ने व बिछाने सहित अन्य संवर्धन कार्य कराए। इन योजनाओं के पूर्ण होने से हवामहल विधानसभा क्षेत्र की लगभग 70 हजार आबादी को लाभ मिलेगा। वहीं, उन्होंने ब्रह्मपुरी क्षेत्र में ही 61.04 करोड़ रुपए के तीन कार्यों का शिलान्यास किया। इसमें ब्रह्मपुरी क्षेत्र में 79269 मीटर पुरानी एवं प्रदूषित पाइप लाइन और 6732 जल संबंध बदलने के साथ ही 10 लाख लीटर क्षमता का भूतल जलाशय का निर्माण कार्य फरवरी 2025 तक पूरा कराने लक्ष्य दिया। इससे क्षेत्र की 80 लाख आबादी को समुचित दबाव से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद सहित आमजन मौजूद रहे।




## शिक्षा सेवा नियमों में संशोधन से बनेगी बात

# 50 हजार शिक्षकों को प्रमोशन का इंतजार, अब कैबिनेट बैठक से आस

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा विभाग में तृतीय श्रेणी के शिक्षक तबादला नहीं होने के कारण परेशान हैं। वहीं, प्रदेश के वरिष्ठ अध्यापक भी पिछले 3 साल से पदोन्नति नहीं होने के कारण अपने प्रमोशन का इंतजार कर रहे हैं। अब वरिष्ठ अध्यापकों को प्रमोशन के लिए आगामी 13 सितंबर को कोटा में होने वाली कैबिनेट की बैठक का इंतजार है। शिक्षकों का मानना है कि इस बैठक में नियमों में संशोधन हो तो वरिष्ठ अध्यापकों की पदोन्नति के अवसर मिल सकते हैं। शिक्षकों का कहना है कि वरिष्ठ अध्यापक की पदोन्नति शैक्षिक सेवा नियम 2021 के कारण नहीं हो पा रही है। ऐसे में इसमें संशोधन की तैयारी की जा रही है।



### रुकी पदोन्नति, स्टूडेंट्स को नहीं मिले व्याख्याता

सेवा नियमों में संशोधन नहीं होने से विभिन्न पदों पर डीपीसी नहीं हो पाई। ऐसे में लाखों विद्यार्थियों को व्याख्याता नहीं मिल पा रहे हैं। प्रदेश में सैकड़ों स्कूल ऐसे हैं, जहां पर एक भी व्याख्याता नहीं होने से तालाबंदी की स्थिति आ गई है। यहां अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को मजबूरन टीसी कटवाकर निजी स्कूलों या फिर दूसरे राजकीय विद्यालयों में जाना पड़ रहा है।

### मा. शिक्षा में शिक्षकों व रिक्त पदों की स्थिति

| पदनाम | स्वीकृत पद | कार्यरत शिक्षक | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| प्राचार्य | 17,225 | 11,490 | 5,735 |
| उप प्राचार्य | 1,2404 | 396 | 12,008 |
| व्याख्याता | 55,893 | 38,649 | 17,244 |
| वरिष्ठ अध्यापक | 1,05,621 | 69,761 | 35,860 |
| ग्रेड थर्ड शिक्षक | 1,08,025 | 76,252 | 31,773 |

### तीन सत्र से नहीं हो पा रही पदोन्नतियां

गौरतलब है कि शैक्षिक संशोधन 2022 में यूजी एवं पीजी असमान विषय वालों की पदोन्नतियों में सरकार छूट प्रदान कर रही है। इन्हीं संशोधन में उप प्राचार्य से प्रिंसिपल पदोन्नति में छूट, एग्रीकल्चर व्याख्याता भर्ती नियमों में संशोधन, वाणिज्य व्याख्याता भर्ती में संशोधन, व्याख्याता (विशेष शिक्षा) के नए पद सृजित सहित सात संशोधन इस कैबिनेट में पारित किए जाने की संभावना है। इन संशोधनों के नहीं होने से तीन सत्र से शिक्षकों की पदोन्नतियां नहीं हो पा रही है। इससे शिक्षकों के हजारों पद खाली पड़े हैं। इन संशोधनों से करीब 50 हजार शिक्षकों को पदोन्नतियां मिल सकेंगी।

### इन पर होनी पदोन्नति

- थर्ड ग्रेड के करीब 20 हजार शिक्षकों की वरिष्ठ अध्यापक पद पर।
- वरिष्ठ अध्यापक के करीब 20 हजार व्याख्याता पद पर।
- करीब 7 हजार व्याख्याता की उप प्राचार्य पद पर।
- करीब 5,588 उप-प्राचार्य की प्राचार्य पद पर।

“ सेवा नियम बनने से पहले जिन वरिष्ठ अध्यापकों ने डिग्री हासिल कर रखी है उनको राहत प्रदान करते हुए कैबिनेट में नियम संशोधन पत्रावली को शीघ्र पारित करें, जिससे कि पदोन्नतियों का रास्ता खुल सके।

**मुकेश कुमार मीणा,** मुख्य संरक्षक पदोन्नति संघर्ष समिति

### इनका कहना है

“ तीन सत्र से पदोन्नति नहीं होने से शिक्षकों में रोष है। शिक्षकों द्वारा कई बार धरना प्रदर्शन किया गया है। अब सरकार द्वारा शिक्षकों के रोष को देखते हुए सेवा नियमों में संशोधन की फाइल कार्मिक विभाग, वित्त विभाग, आरपीएससी, विधि विभाग से क्लियर हो कर कैबिनेट में मंजूरी के लिए फाइल को राजस्थान सरकार 13 सितंबर को कोटा में होने वाली कैबिनेट बैठक में रखने की तैयारी कर रही है। कैबिनेट की मुहर के बाद ही सेवा नियमों में संशोधन होकर पदोन्नति का रास्ता खुलेगा।

**विपिन प्रकाश शर्मा,** राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा शिक्षक संघ

शाश्वत सनातन





पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


## कर्नाटक के हम्पी में स्थित इस मंदिर के स्तंभ काटने के बाद भी अंग्रेज नहीं जान पाए थे राज

# विट्ठल मंदिर, जिसके खंभों से निकलता है संगीत

**हम्पी शहर, जो तुंगभद्रा नदी के किनारे स्थित है, कर्नाटक में स्थित है और यहां कई ऐतिहासिक खंडहरों से घिरे भव्य मंदिर हैं, जो यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल हैं। इस शहर में स्थित विट्ठल मंदिर के संगीतमय स्तंभ अद्वितीय हैं, जिन्हें 'म्यूजिकल पिलर्स' के नाम से जाना जाता है। इन स्तंभों से अद्वितीय संगीत निकलता है, लेकिन इसका राज आज तक भी कोई नहीं जान पाया। अंग्रेजों ने स्तंभों को काटने का प्रयास किया, लेकिन फिर भी संगीत निकलता रहा। इन स्तंभों का निर्माण ठोस ग्रेनाइट से हुआ है, और ये खंभ अंदर से खोखले हैं, जिसके परिणामस्वरूप संगीतमय ध्वनियां उत्पन्न होती हैं। यह मंदिर 15वीं सदी में बना था और विजयनगर साम्राज्य के देवराय द्वितीय ने इसे भगवान विट्ठल के समर्पित किया था। मंदिर में दो गर्भगृह हैं, जिनमें मूर्तियां रखी गई हैं, और यहां केवल मुख्य पुजारी ही प्रवेश कर सकते हैं।**





भारत एक ऐसा देश है, जहां कई अनसुलझे रहस्यों और घटनाओं के बारे में जानने को मिल जाता है. इन रहस्य का तोड़ विज्ञान के पास भी नहीं है. कर्नाटक के हम्पी में भी कुछ ऐसे ही अनसुलझे रहस्य हैं।

तुंगभद्रा नदी के तट पर कर्नाटक स्थित हम्पी शहर में ऐतिहासिक खंडहरों से घिरे कई भव्य मंदिर है, जो यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल में शामिल हैं।

यहां का विट्ठल मंदिर शानदार कला का नमूना पेश करता है। इस मंदिर की खासियत है कि जब यहां के खम्भों को छूते हैं तो इनसे संगीत निकलता है, इसलिए ये म्यूजिकल पिलर्स के नाम से जाने हैं। इन पिलर्स से संगीत कैसे निकलता है, इसके यह आज तक रहस्य बना हुआ है।



### ठोस ग्रेनाइट से बने हैं ये स्तंभ

हम्पी के विट्ठल मंदिर के संगीतमय स्तंभ शिल्प कौशल और इंजीनियरिंग का चमत्कार हैं। कर्नाटक के हम्पी में स्थित यह मंदिर अपनी शानदार वास्तुकला और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। 500 साल से अधिक पुराने मंदिर का मंत्रमुग्ध कर देने वाला संगीत सुनने के लिए पर्यटक वर्षों से यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल आते रहे हैं। इन स्तंभों को हल्के से प्रहार करने पर प्रत्येक स्तंभ से बांसुरी, तबला, मृदंगम और वीणा जैसे विभिन्न संगीत वाद्ययंत्रों जैसी एक अलग ध्वनि निकलती है। ये स्तंभ ठोस ग्रेनाइट से बने हैं, जो एक कठोर पत्थर है। खंभे अंदर से खोखले हैं, पतले स्तंभ मुख्य संरचना को सहारा देते हैं। जब खंभों पर धीरे से प्रहार किया जाता है, तो कंपन छोटे स्तंभों के माध्यम से गुजरता है और खोखले कोर के भीतर गूंजता है, जिसके परिणामस्वरूप संगीतमय ध्वनियां उत्पन्न होती हैं।

### 15वीं सदी में बना मंदिर

विट्ठल मंदिर का निर्माण 15वीं शताब्दी के दौरान किया गया था। भगवान विट्ठल को समर्पित इस मंदिर का निर्माण विजयनगर साम्राज्य के देवराय द्वितीय ने करवाया था। यही कारण है कि मंदिर को विजय विट्ठल मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। भगवान विष्णु को ही विट्ठल के नाम से भी जाना जाता है।



### 56 संगीतमय खंभे हैं मंदिर में

मंदिर में 56 संगीतमय खंभे हैं, जो सारेगामा पिलर्स के नाम से प्रसिद्ध हैं। इन खंभों में से संगीतमय स्वर निकलते हैं। जब कोई इन खंभों को छूता है तो पिलर्स से निकलने वाले संगीत को स्पष्ट रूप से सुना जा सकता है। ये खंभे छत को सहारा देते हैं। मंदिर के मुख्य खंभों को म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स के आकार में स्टाइल किया गया है। साथ ही मुख्य स्तंभ सात छोटे स्तंभों से घिरा हुआ है और इन स्तंभों से आने वाले स्वरों की आवाज अलग होती है। चंदन की लकड़ी से खंभे पर मारने पर यहां से संगीत सुनाई देता है।


### मंदिर में हैं दो गर्भ गृह, मुख्य पुजारी को प्रवेश

*मूर्तियों को भीतर के गर्भगृह में रखा गया है और यहां केवल मुख्य पुजारी ही प्रवेश कर सकते हैं। छोटा गर्भगृह आम जनता के लिए खुला रहता है, जबकि स्मारकीय सजावट बड़े गृह में देखी जा सकती है। इस मंदिर के खंभों से आती संगीत की आवाज के राज को जानने के लिए अंग्रेजों ने इन स्तंभो को काट दिया था, परंतु फिर भी वे इसका राज क्या है, ये नही जान पाए। काटने के बाद भी खंभों से संगीत की आवाज निकलती रही।*

---

कविता

## असमंजस



तेरे कदमों की आहट
या हवा हिला गई
चंद सूखे पत्ते
रिश्तों की जड़ता
बातों की पुनरुक्ति
बांझ होते सपने
मद्धम होता सूरज
तेरे कदमों की आहट
या फिर जीव ऊर्जा का जागरण
उनींदी रातें और थके से दिन
उम्र का आवेग या प्रेम का प्रवाह

कटुता की सरिता
कब जन्मी और कैसे पनपी?
समय के थपेड़े
हवा बनी आंधी
न रहे सूखे पत्ते
न कदमों की आहट
फिर वही सन्नाटा
समंदर में डूबता
सुर्ख लाल अंगारा
शाम का सूरज
या फिर मेरा तेरा सपना ?

**-डॉक्टर रामावतार शर्मा**

---

शब्दों की सीख

# 'सरहद' सियासतदानों की...




टीना शर्मा 'माधवी'


सुना है कि सरहद के उस पार दुश्मन रहता है। वह हमारी तरह नहीं दिखता...जल्लाद हैं वो...। तो क्या दुश्मन के हाथ-पैर नहीं... सर और धड़ नहीं...। क्या उसकी आंखें..नाक, कान और सर पर बाल नहीं ...? तो फिर वह दिखता कैसा है...? चौपाल पर बीड़ी फूंक रहे छोरे-छपाटों की एक टुकड़ी जमा हुए बैठी है। भरी दोपहरी का वक्त है और इस तपन में राहत की छांव दे रहा है गांव का सबसे बूढ़ा नीम का पेड़...।


छोरों की मंडली अकसर गांव की इसी चौपाल पर बैठकर दुनिया जहान की बातें करती है। आज चौपाल पर मुंह पर गमछा डाले हुए फौजी बाबा भी इसी नीम के पेड़ के नीचे सुस्ता रहे हैं और छोरों की बातें सुन रहे हैं..। यूं तो इन छोरों की इतनी औक़ात न थी कि ये फौजी बाबा के सामने सरहद पार के दुश्मन की बातें करें...। फिर भी हिम्मत करके सारे बैठ गए इनके आसपास और कहने लगे सरहद पार बैठे दुश्मन की कहानी सुनाओ ना फौजी बाबा...।

ये सुन फौजी बाबा भी उठ कर बैठ गए और पास रखी हुई नीम की पत्ती को चबाते-चबाते अचानक से उन्होंने दांतों के बीच उस पत्ती को पूरे जोरों से भींच लिया..मानो सरहद पार बैठा दुश्मन उनके दांतों के बीच आ गया हो...।

पत्ती की कड़वाहट से अधिक सरहद पार वाले दुश्मन के लिए उनके भीतर कड़वाहट दिख रही थी...।

लंबी क़द काठी...बिखरे हुए बाल...लंबी सफेद दाढ़ी..गले की लटकती चमड़ी...फटी हुई एड़ियां...चेहरे पर झुर्रियां... लेकिन सीना हमेशा तना हुआ... ये है फौजी बाबा का हुलिया...।

किसी ने ज़िद की..। बाबा आज कुछ सरहद पार वाले दुश्मन के बारे में सुनाओ..। इत्ते साल तक आप फौज में रहे हो...सरहद से तो आपका बहुत गहरा और पुराना नाता रहा है..। ये सुनकर सभी लोग कह उठे हां..हां..हां..फौजी बाबा आज तो आपको सुनानी ही होगी 'सरहद' की...। सभी का शोर कान में पड़ते ही फौजी बाबा जाने लगे..। तभी किसी ने कह दिया भला ये क्या बात हुई..। बिना कुछ कहे आप यूं ही जा रहे हैं....?



ये तो ठीक नहीं है...।
आप हमेशा टाल जाते हो..।
तब भी वे चुप ही रहे और जाने लगे...। तभी एक छोरे ने झल्लाकर कह डाला...।
जाओ फौजी बाबा...।
अब हम में से कोई न पूछेगा सरहद की कहानी...।

वैसे भी सरहद पर बैठे जल्लादों के बारे में जानने को रखा ही क्या है...। वे तो सिवाए खून ख़राबे के कुछ नहीं जानते...। उनका बस चले तो वे हमारी बहू-बेटियों को घरों से घसीटकर ले जाएं...।
उन्हें नंगा करके भरे बाजारों में बेच दें...।
इंसान थोड़े ही हैं वे...।
इनकी सालों की तो जात ही बुरी है।
इनकी तो...फुर्र...फुर्र...। थू है सालों पर...।

ये सुन फौजी बाबा रुक गए और वापस अपनी जगह आकर बैठ गए...। बेहद गुस्सा भरा था उनके भीतर...। वे लंबी-लंबी सांसें भरने लगे...उनका ताव देखकर कुछ तो घबरा गए...। तभी फौजी बाबा चीख उठे...। 'सरहद के पार भी इंसान ही हैं...।
हैवान तो हैं वे सियासतदान और हुक्मरां'...। जो सीमाओं पर हम जैसे इंसानों को बंदूक हाथ में देकर खड़ा कर देते हैं..।

पहली बार फौजी बाबा इतने गुस्से में थे। उनका ये रूप देख सभी चुप हो गए...। एक पल के लिए चौपाल पर ख़ामोशी छा गई...। गांव की चहल-पहल और बेफिक्र ज़िंदगियों के बीच ये ख़ामोशी पहली बार ही छाई थी। क्यूंकि आज पहली बार ही फौजी बाबा की तेज आवाज़ गांव की आबो-हवा से इतर बह चली थी। सारे के सारे आश्चर्य चकित हो फौजी बाबा की तरफ देखने लगे। किसी ने हिम्मत जुटाई ...।
'तो क्या सरहद पार भी इंसान ही रहते हैं?'
फौजी बाबा ने उसकी तरफ देखा...। ख़ुद को शांत किया और बोले ''हां, बिल्कुल...।''

उनके पास भी हमारे जैसा ही शरीर और द़िमाग हैं। उनका भी घर-परिवार है। घर में बूढ़े मां-बाप, पत्नी और बच्चे हैं। बहनें हैं जिनका ब्याह कराने की ज़िम्मेदारी है...। रिश्ते-नाते हैं... मुहल्लेदारी हैं...। उनके पास भी एक दिल है जिसमें कई सारी भावनाएं छुपी हैं...लेकिन सरहद पर बंदूक हाथ में लिए खड़ा है न, इसीलिए वो 'दुश्मन' हैं।

फौजी बाबा गंभीर हो बोले, क़ासिम और मेरा क्या कसूर था...? कुर्सी पर बैठे हुए हुक्मरानों के इशारों पर सरहदें लांघने के लिए मजबूर होना पड़ता है और इल्ज़ाम लगता है सरहद पर खड़े आदमी पर... दुश्मन हैं वो, काफ़िर हैं वो...। खून से लथपत क़ासिम जब अंतिम सांसें ले रहा था... तब उसकी कराहती आह में इंसानियत की दुर्गति और आंखों में ज़मीन की ख़ातिर हो रही इस बेमतलब की रंजिश का दर्द बह रहा था।

वो पूछ रहा था मुझसे...मैं भी तेरी ही तरह दिखता हूं मेरे यार... फिर तेरा दुश्मन कैसे हुआ...? क़ासिम मुझसे इस बात से ख़फा न था कि मैंने उसे गोली मारी थी। जिन हाथों से मैंने उसकी आंखों के आंसू पोंछे थे कभी, वो उन हाथों के अपनेपन की क़ीमत पूछ रहा था मुझसे...। वो उस कौर का मोल मुझसे पूछ रहा था जो मैंने उसकी ओर सरकाया था कभी...।

दोनों के बीच एक तार भर की दूरी थी...लेकिन भावनाओं का सैलाब एक-दूजे के लिए बह रहा था...कभी बूढ़ी मां के हाथों से बनीं रोटियों और सिवईयों की यादें बंटती...तो कभी बूढ़े बाप के झुकते कांधों से आंखें नम हो जातीं...। कभी बहन के ब्याह की चिंता सताने लगती तो कभी बीवी की आंखों में भरे इंतज़ार के बेबस आंसुओं पर दिल रोता। कभी बच्चे की मासूम अठखेलियां दिल को तड़पा उठती...।

छोरों की आंखों में फौजी के दर्द की नमी थी..। फौजी बाबा की आंखों से भी आंसू टपक रहे थे...। वे गमछे से आंसू पोंछते हुए बोले क़ासिम की खुली आंखों में मेरे लिए दुआ थी और सवाल भी...। जिसका जवाब आज भी पूछ रहा हूं मैं, सियासतदानों से..।

ये कहते हुए फौजी बाबा लड़खड़ाते हुए कदमों से चल दिए अपने घर की ओर...। शेष रह गई नीम की पत्तियां और बीड़ी के कुछ टुकड़े...।



#connect 8005967211

**10 सितम्बर**

# राजकुमार शर्मा (बागड़ा) जी

## जनसेवक, आमेर विधानसभा

को जन्मदिन की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं

शुभकामनायें



### आयोजित कार्यक्रम

- संत समागम प्रदेश के संतो के आशीर्वचन
- वृद्ध जन सम्मान
- जनसमस्या समाधान केंद्र का उद्घाटन
- श्री श्री 1008 गौ ऋषि भजन सम्राट संत श्री प्रकाश दास जी महाराज द्वारा भजन
- भोजन प्रसादी

स्थान:- विष्णु विला बगवाड़ा आमेर, दिल्ली अजमेर रोड़ NH.48 दौलतपुरा टोल के पास पायलेट होटल के सामने, जयपुर ग्रामीण

### -: निवेदक :-

पंडित सुनील तिवारी(विप्र सेना प्रमुख), सीताराम जी शर्मा(पूर्व प्रधान आमेर), रामजीलाल जी गुर्जर (पूर्व उपप्रधान आमेर), शिवराम (बाबा), (पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा आमेर), छितर जी घोसल्या (पूर्व पंचायत समिति सदस्य, सहकारी समिति अध्यक्ष,खन्नीपूरा जालसू), भवानी सिंह जी शेखावत(पूर्व सरपंच चंदवाजी), शंकर जी यादव(पूर्व सरपंच, रायथल), केशर जी यादव(समाज सेवी, खपरिया), विजेंद्र जी शर्मा(सरपंच जयसिंहपुरा शेखावतान), श्रीराम बुनकर( पूर्व सरपंच, विजयपुरा), प्रकाश जी शर्मा(जिला मंत्री भाजपा, उत्तर देहात), डॉ. रामकरण मीणा (ST मोर्चा अध्यक्ष, आमेर), सूरज जी गिलारिया(किसान मोर्चा, आमेर), दर्शन छापराडी(ST मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, भाजपा), रामस्वरूप कांकरेल (उपाध्यक्ष भाजपा, आमेर), बनवारी शर्मा(उपाध्यक्ष भाजपा, आमेर), मुकेश नेहरू(युवा मोर्चा मंत्री भाजपा), रामजीलाल मीणा(ST मोर्चा जिला मंत्री, जयपुर देहात), रौनक गुर्जर(उपसरपंच ,कांट), मुकेश यादव(OBC युवा मोर्चा अध्यक्ष), सुशीला शर्मा(राष्ट्रीय अध्यक्ष, विराट बजरंगदल), रामावतार वर्मा( बलाई समाज उपाध्यक्ष, लबाना), मुकेश शर्मा(मानपुरा), राम सिंह गोरा(महेशवास कलां), हनुमान जी पतालिया(वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता,आमेर), राधेश्याम जी, लबाना, उमाशंकर जी बागड़ा, लबाना, मंजू यादव(पूर्व सरपंच एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य, रायथल) सुर्ज्ञान देवंदा( पंचायत समिति सदस्य, जालसू), रामनिवास जाट(सहकारी समिति अध्यक्ष, देवगुढ़ा), सत्यनारायण, नितेश, मदन(पत्रकार), नाथु दूधवाला, किशोर, छोटेलाल, प्रह्लाद मीणा, सुरेंद्र मीणा, संजय कूकस, सीनू गुर्जर, अर्जुनलाल खोड़ा(कूकस), एवं समस्त कार्यकर्ता


**समस्त क्षेत्रवासी आमेर विधानसभा**

## झलकियां: नमस्ते भारत



फ्रांस के राष्ट्रपति एमानुएल मैक्रों का नई दिल्ली पहुंचने पर स्वागत किया गया।

## सेल्फी विद शेख हसीना



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के साथ सेल्फी लेते हुए।

## दोस्ती का बंधन



अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष अजाली असौमनी पीएम मोदी से गले मिलते हुए।


## स्वागतम्




कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो।



रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव।



सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान।



यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन

**जरूरी खबर**

### बाइडेन की चीन पर चुटकी, अच्छे से जारी है समिट

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग शामिल होते तो अच्छा होता, लेकिन यह बेहतर ढंग से जारी है। बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन के लिए अपनी भारत यात्रा पर अपने साथ आए अमेरिकी मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। यह पूछे जाने पर कि क्या शी जिनपिंग की गैर मौजूदगी का जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन पर असर पड़ा है, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, उनका यहां होना अच्छा होता लेकिन कोई बात नहीं, शिखर सम्मेलन बेहतर ढंग से जारी है।'

### इटली की पीएम मेलोनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपनी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें उन्होंने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा साझेदारी में शामिल होने के लिए इटली की सराहना की। आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की जी20 अध्यक्षता के लिए इटली के समर्थन की भी सराहना की। दोनों नेताओं ने भारत और इटली के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर संतोष व्यक्त किया।

**बड़ी पहल:** जी-20 में आर्थिक सहयोग का नया रास्ता खुला

# भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर बनेगा



**पीएम मोदी:** हम भविष्य के विकास के बीज बो रहे हैं। यह गलियारा भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के आर्थिक एकीकरण का प्रभावी माध्यम बनेगा



**राष्ट्रपति बाइडेन:** यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि वे नए भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के लिए एक ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप देने में सफल हुए हैं

G20 वसुधैव कुटुम्बकम् विश्व मंच पर भारत की धमक 9-10 सितंबर, नई दिल्ली

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान महत्वाकांक्षी भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे की योजना की शनिवार को घोषणा की गई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत 'कनेक्टिविटी' को क्षेत्रीय सीमाओं तक नहीं बांधता और उसका मानना है कि यह आपसी विश्वास को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा, कनेक्टिविटी पर इतने बड़े कदम के साथ, हम भविष्य के विकास के लिए बीज बो रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने कहा कि उन्हें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि वे नए भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के लिए एक ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप देने में सफल हुए हैं।

शिखर सम्मेलन के दौरान 'वैश्विक बुनियादी ढांचे और निवेश के लिए साझेदारी' तथा 'भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे' की घोषणा से संबंधित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि आज हम सभी एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक साझेदारी पर पहुंच गए हैं। आने वाले समय में यह भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के आर्थिक एकीकरण का प्रभावी माध्यम बनेगा। यह पूरी दुनिया की कनेक्टिविटी और सतत विकास को एक नयी दिशा देगा। मजबूत कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचा मानवता के लिए बुनियादी आधार है तथा भारत ने हमेशा इस पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम एक विकसित भारत के लिए एक मजबूत नींव रख रहे हैं।




### जहाजों-रेलगाड़ियों में होगा निवेश

राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा, इस गलियारे के प्रमुख हिस्से के रूप में, हम जहाजों और रेलगाड़ियों में निवेश कर रहे हैं, जो भारत से संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन और इजराइल के माध्यम से यूरोप तक विस्तारित है। इससे व्यापार करना बहुत आसान हो जाएगा। मैं प्रायोजकों और विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी और सऊदी युवराज मोहम्मद बिन सलमान को धन्यवाद देना चाहता हूं।

### व्यापार में होगा 40% इजाफा: उर्सुला

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने समझौते की सराहना करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक है। रेल लिंक के साथ यह भारत, अरब की खाड़ी और यूरोप के बीच अब तक का सबसे सीधा कनेक्शन होगा, जिससे भारत और यूरोप के बीच व्यापार की गति में 40 प्रतिशत का इजाफा होगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह पहले वैश्विक हरित व्यापार मार्ग से संबंधित है क्योंकि हाइड्रोजन भी इस परियोजना का हिस्सा है। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि जर्मनी इस संबंध में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**जी-20 बैठक है अहम**

## भारत को विश्व व विश्व को भारत के लिए तैयार करने में योगदान दिया




**एजेंसी** | नई दिल्ली

जी20 के अध्यक्ष के नाते भारत द्वारा 'ग्लोबल साउथ' की तात्कालिक चिंताओं को दूर करने को प्राथमिकता देने को रेखांकित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि इस आयोजन ने भारत को विश्व के लिए और विश्व को भारत के लिए तैयार करने में योगदान दिया है। जी20 शिखर सम्मेलन के परिणामों पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि वैश्विक नेताओं ने इस बात को स्वीकार किया कि जी20 भू-राजनीतिक और सुरक्षा मुद्दों को हल करने का मंच नहीं है, लेकिन उनका यह भी मानना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए इसके महत्वपूर्ण परिणाम हो सकते हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि अफ्रीकी संघ भारत की अध्यक्षता में समूह का सदस्य बना जो उस प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए था कि देश 'ग्लोबल साउथ' की तत्काल चिंताओं को संबोधित करने के लिए देता है।

विदेश मंत्री ने कहा कि जी20 की कार्यवाही में रुचि युवाओं के बीच विशेष रूप से दिखी और यह भारत की संस्कृति, परंपराओं और विरासत को प्रदर्शित करने का एक अवसर है।

## FTA: मोदी-सुनक तेजी से काम करने पर सहमत

**लंदन/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शनिवार को द्विपक्षीय बैठक के दौरान एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में तेजी से काम करना जारी रखने पर सहमति जताई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं के एफटीए पर सार्थक बातचीत हुई। सुनक ने जी20 शिखर सम्मेलन के सुनक की निकट भविष्य में भारत की एक और यात्रा हो सकती है।

**जी-20 रात्रिभोज**

# मेहमानों को भाया भारत का सांस्कृतिक वैभव व देसी भोजन का स्वाद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत मंडपम में जी20 नेताओं, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के लिए औपचारिक रात्रिभोज की मेजबानी की।

भोज शुरू होने से पहले राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने एक मंच पर अतिथियों का स्वागत किया, जिसकी पृष्ठभूमि में बिहार के नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नवाशेष और भारत की अध्यक्षता में जी20 की थीम- 'वसुधैव कुटुम्बकम्- एक पृथ्वी, एक कुटुम्ब, एक भविष्य' को दर्शाया गया। यह विश्वविद्यालय दुनिया के सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में से एक था। प्रधानमंत्री मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज सहित जी20 के कुछ नेताओं को नालंदा विश्वविद्यालय के महत्व के बारे में बताते देखा गया। नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र तथा इसके हरे-भरे 'लॉन' रात में रंगीन रोशनी से जगमगाते नजर आए तथा इसके फव्वारों और अत्याधुनिक इमारत के सामने रखी 'नटराज' की मूर्ति ने आयोजन स्थल पर भव्यता में चार चांद लगा दिए। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा अपनी पत्नी रितु बंगा के साथ और बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना सबसे पहले प्रगति मैदान में पहुंचने वालों में शामिल थे।, जापान के पीएम फुमियो किशिदा पत्नी योको किशिदा साड़ी पहने नजर आई।





### परोसे गए विविध तरह के व्यंजन

रात्रिभोज में मुंबई पाव, इलायची की खुश्बू वाला सांवा का हलवा, अंजीर-आड़ू मुरब्बा आदि व्यंजन शामिल थे। शुरुआती भोजन (स्टार्टर)- 'पात्रम' - 'ताजी हवा का झोंका' में दही के गोले , मसालेदार चटनी से सजे कंगनी श्रीअन्न लीफ क्रीस्प्स (दूध, गेहूं व मेवा युक्त) था। मुख्य भोजन- वनवर्णम में ग्लेज्ड फॉरेस्ट मशरूम, कुटकी श्रीअन्न क्रिस्प्स और करी पत्ते के साथ तैयार केरल लाल चावल के साथ परोसे गए कटहल गैलेट (दूध और गेंहू युक्त) था।

### मोटे अनाज का आस्वादन, प्रदर्शनी का अवलोकन

इससे पहले शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले विभिन्न देशों के नेताओं की पत्नियों और प्रथम महिलाओं के लिए शनिवार को जयपुर हाउस में दोपहर के विशेष भोजन की व्यवस्था की गई। उन्हें मोटे अनाज आधारित व्यंजन परोसे गए। उन्होंने 'स्ट्रीट फूड' का भी आनंद उठाया। भोजन के बाद उन्हें राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी का दौरा कराया गया। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, भोजन के बाद कुछ विश्व नेताओं की पत्नियों व प्रथम महिलाओं ने एनजीएमए में आयोजित एक प्रदर्शनी का आनंद लिया । प्रदर्शनी विशेष रूप से उनके लिए ही आयोजित की गई है। 'रूट्स एंड रूट्स' प्रदर्शनी भारत की सभ्यतागत विरासत, लोकाचार और अंतर-संबंध की पड़ताल करती है। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तहत एनजीएमए के पास पेंटिंग, मूर्तियों और तस्वीरों सहित कलाकृति का एक समृद्ध संग्रह है।



## विजन विद विनायक शो में बिग बॉस फेम अर्चना गौतम हुई रूबरू

# जिन्होंने मेरा छुआ गिलास फेंक दिया था, आज वो मुझे बुलाते हैं डिनर पर

**विजन विद विनायक**

**बेधड़क** | जयपुर

'मैं छोटी थी। पड़ोस में सहेली रहती थी। उनके घर के अंदर चली गई और पानी पी लिया। उन लोगों ने उस गिलास को ही फेंक दिया, जिसमें मैंने पानी पिया था। मुझे बहुत डांटा और पिटाई भी कर दी। शायद उन्हें मेरी कास्ट से परेशानी थी। आज उनके घर से डिनर का ऑफर आता है। अब क्या मेरी कास्ट बदल गई? इन बातों से मुझे लगता है, कि दुनिया फेक है। कैसे जब आप उंचाइयों पर जाते हो तो लोगों की सोच बदल जाती है। मेरे मेरठ का मिजाज भी बदल गया है।' ये किस्से और अनुभव हैं बिग बॉस फेम एक्ट्रेस अर्चना गौतम के, जो उन्होंने जयपुर में वीडियो एलबम 'एसी लगवा दे'... के प्रमोशन के दौरान विजन विद विनायक में शेयर किए। अर्चना गौतम विजन विद विनायक शो में 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा के साथ रूबरू हो रही थीं। इस दौरान उन्होंने बेबाकी से बिग बॉस, राजनीति और जिंदगी के अनुभव बताए।



### आवाज के कारण हुई रिजेक्ट

अर्चना ने कहा, इंटर्नशिप करने गई थी, लेकिन मेरी आवाज के कारण रिजेक्ट कर दिया गया। फिर रियल स्टेट में काम किया, लेकिन वहां भी बात नहीं बनी। फिर 6 हजार की जॉब मिली, जो दिल्ली में काफी नहीं थे। जिस कमरे में रहती थी, वहां बारिश का पानी भर जाता था। मोमोज खाकर काम चलाती थी। कास्टिंग काउच के सवाल पर कहा कि कास्टिंग काउच होता है। मुझे भी ऑफर आया था। लडकी इज्जत बचाने के लिए नाम नहीं लेती है। मैंने डील नहीं की तो बडी नही बन सकी। यदि कर लेती तो आज बड़े स्टार के साथ मूवी कर रही होती।

### अब मेरठ का मिजाज क्या है?

शर्मा के अब मेरठ मिजाज क्या है? के सवाल पर एक्ट्रेस ने कहा, अब तो सब पास बुलाते हैं। पिता पुलिस की मेस में खाना बनाते थे। कोई ज्यादा पूछता नहीं था, लेकिन आज खाने के और फोटो क्लिक कराने के ऑफर आते हैं। मां ने गहने गिरवी रखे थे, तब मैं बनी हूं। मेरी नजर में ये दुनिया नकली है। पास्ट में बहुत परेशानी थी, लेकिन अब सब सॉल्व हो गया है।





### राजनीतिक दौर किया एंजॉय

शर्मा ने अर्चना से उनके राजनीति कॅरियर के बारे में पूछा तो गौतम ने कहा, इलेक्शन फाइट किया था। वह दौर बहुत एंजॉय किया। मेरे लिए नया एक्सपीरियंस था। मुझे पता नहीं था कि पावर क्या होती है। बस एक कोशिश की थी। अचानक टिकट भी मिल गया तो बात बन गई। सच कहूं तो मैंने देखा था कि लोग कितना प्यार दे रहे हैं। बुजुर्गों के बीच गई और उनकी परेशानी समझी।

### बिग बॉस में सब रियल होता है?

हां ! सब रियल होता है। मैं फेमस और कलर्स फेस नहीं थी, इसलिए कम दिखती थी। कलर्स फेस को महत्व मिलता है। बड़े फेस को अच्छे से दिखाते हैं। यदि मैं लड़ती नहीं होती तो टॉप 4 में नहीं आती। फैन फॉलोइंग नहीं थी, लेकिन बाहर आने के बाद फैंस तेजी से बढ़े। बात की जाए सलमान सर की तो मैं चाहती हूं कि वे मुझे अपनी बहन के रोल में ही ले लें।

### हर लड़की दबंग हो

उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं, कि हर लडकी दबंग हो। गंदी नजर से देखे तो थप्पड़ लगा दे और जो लोग बचाने नहीं आ रहे उनके भी थप्पड़ जड़ दे। एक किस्सा है, मुंबई में मेरा किडनेप हो गया था। 10 लाख रुपए की मांग हो रही थी। मैंने भाई को फोन करके बुलाया और पैसे देने से पहले ही मैं किडनेपर्स से भिड़ गई, लेकिन हमें कोई बचाने नहीं आया। किसी ने मदद नहीं की। तभी सोच लिया था कि हर लड़की दबंग हो।

### मेरी आंखों में कुछ है, जो आकर्षित करता है

ट्रेंड में क्या चल रहा है? तो उन्होंने कहा, अर्चना ट्रेंडिंग चल रही है। मैं आए दिन ट्रेंड करती हूं। अभी मेरा गाना हाइप पर है। शायद मेरी आंखों में कुछ है, जो आकर्षित करता है। यदि आप रियल हो तो आंखों से आंखों मिलाकर बात करोगे।

### सफलता की गारंटी कितनी है?

विनायक शर्मा ने पूछा कि सफलता की गारंटी कितनी है? इस पर उन्होंने कहा, सामान्य परिवारों में जब लड़की पैदा होती है तो ताने आते हैं। लड़की हो गई है, जला दो या फेंक दो। दहेज कहां से लाओगे? इसे बर्तन धोना सिखाओ आदि। जैसे-तैसे यदि 10वीं-12वीं कर ली तो ग्रेजुएशन करने के लिए फिर स्ट्रगल शुरू हो जाता है। मैं जिस कास्ट से आती हूं, वहां मेरी शादी 14-15 साल में करने वाले थे। 11वीं में फेल हो गई थी तो शादी की बातें उठने लगी। गवर्नमेंट से झूठ बोलकर कागज में बदलावा कर देते हैं। वहां भी एक लड़की को स्ट्रगल करना पड़ता है। लडकी की कोई जिंदगी नहीं है क्या? उसकी मर्जी के बिना शादी कर दी जाती है।

## 'स्वर माधुरी' में टैलेंट होगा शोकेस



**बेधड़क. जयपुर।** देश का सबसे बड़ा ऑफ लाइन टेलेंट हंट 'स्वर माधुरी' (स्वर साधकों की खोज) जयपुर में होगा। सीमा मिश्रा राजस्थान लोक संगीत- कला अकादमी और भारत के प्रमुख राष्ट्रव्यापी साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन सम्पर्क क्रांति परिवार की ओर से होने वाले आयोजन स्वर माधुरी (स्वर साधकों की खोज) की आयोजक सीमा मिश्रा ने बताया कि पूरे भारतवर्ष के स्वर साधकों की खोज के लिए ये एक मंच है। प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वर साधकों के इस महाकुंभ में मंथन से स्वर शिरोमणि की खोज करना है। कार्यक्रम तीन वर्गों बाल वर्ग किलकारी, 5 वर्ष से 15 वर्ष, तरुण वर्ग तरुणाई 16 से 25 वर्ष, युवा वर्ग में 26 वर्ष से अधिक के लिए चार विधाओं 'शास्त्रीय गायन, लोक गायन, तथा सुगम गायन के अनरिकॉर्डेड व रिकॉर्डेड में आयोजित किया जाएगा।

## आशा भोंसले के गूंजे तराने

**बेधड़क. जयपुर।** बॉलीवुड की वर्सेटाइल प्लेबैक सिंगर आशा भोंसले के 90वें जन्मदिन पर उनके ही गाए गीतों का गुलदस्ता जयपुर में कलाकारों ने सजाया। संगीत आश्रम संस्थान की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोंसले को समर्पित हैप्पी बर्थ डे कैक सेरेमनी हुई। कलाकारों ने सुर, लय और ताल में सदाबहार गीतों की दिलकश प्रस्तुति देकर लेजेंडरी प्लेबैक सिंगर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। ममता शर्मा ने हे रोम रोम में बसने वाले राम..., साधना रावल ने इशारों इशारों में दिल लेने वाले..., रियाशीं अग्रवाल ने चैन से हमको कभी आपने..., प्राजक्ता जायसवाल ने सजना है मुझे सजना के लिए..., तनविका शर्मा ने मन क्यूं बहका रे..., राशिका कंवर ने चुरा लिया है तुमने जो दिल को..., वनिता हीरानी ने दो लफ्जों की..., अनन्या शर्मा ने कजरा मुहब्बत वाला..., जीनत कंवर ने ओ मेरे सोना रे सोना रे... सरीखे गीतों को अपनी सुरीली आवाज में पिरोकर माहौल में रंग भरे।

## मॉक पोलिंग से समझाई प्रक्रिया



**बेधड़क. जयपुर।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जयपुर और जयपुर ग्रामीण जिला प्रशासन की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर शनिवार को विगत चुनावों में राज्य एवं जिला मतदान प्रतिशत से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनावों में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भूमिका को सुनिश्चित करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके, इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 10 मतदान केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला जयपुर एवं जिला जयपुर ग्रामीण के अन्तर्गत 19 विधानसभा सीटों के कुल 190 मतदान केन्द्रों पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निर्वाचन प्रश्नोत्तरी, रंगोली प्रतियोगिता एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। इस दौरान न केवल मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई, निर्वाचन विभाग द्वारा जारी संकल्प पत्र भरवाए गए। साथ ही मॉक पोलिंग के जरिए बच्चों एवं युवा मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट द्वारा मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया समझाई गई।

# City इवेंट्स

## भक्ति की शाम में ड्रेस कॉम्पीटिशन



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीरघुनाथ मंदिर, अमृतपुरी विला, कालू नगर, पत्रकार कॉलोनी में जन्मआष्टमी उत्सव मनाया गया। प्रोग्राम में बच्चों ने खासतौर से भाग लिया। उनके लिए राधा-कृष्णा ड्रेस कॉम्पीटिशन, कृष्णा लीला झांकी और भजन संध्या का आयोजन रखा गया। बच्चों का उत्साह बड़ों ने म्यूजिक और भजनों से बढ़ाया।

## मॉडल्स शोकेस करेंगी कलेक्शन



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में जूलरी शो की आभा होगी और मॉडल्स कई शानदार कलेक्शन शोकेस करेंगी। इसके लिए राजस्थान इंटरनेशल सेंटर में जूलरी शो ग्लैमर एंड एलीगेन्स का आयोजन रविवार को किया जाएगा। विरोक बाय टाटीवालाज की ओर से शाम 4:30 बजे से होने वाले शो में जूलरी डिजायनर सीमा टाटीवाला की डिजाइन की गई लेटेस्ट जूलरी के सुपर मॉडल्स वैष्णवी शर्मा, मिस अर्थ इंडिया-2023 प्रियन सेन, मिस राजस्थान-2022 तरूश्री राय, मिस कोसमो इंडिया परिधि शर्मा और टीजीपीसी फर्स्ट रनरअप रिया जाखड़ रैंप पर शोकेस करेंगी। शो संयोजक राजीव टाटीवाला और अक्षरा टाटीवाला केड़िया ने बताया कि विभिन्न राउंड्स के बीच आने वाले अंतराल में जाने-माने कॉमेडियन कीकू शारदा जैसी कॉमेडी करने वाले युवा कॉमेडियन अंकित सिसोदिया मनोरंजन करेंगे।

## वैश्य महापंचायत की मैराथन आज



**बेधड़क. जयपुर।** विराट वैश्य महापंचायत के बैनर तले रविवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मैराथन सुबह 6 बजे महावीर पब्लिक स्कूल से रवाना होकर महावीर मार्ग जय क्लब के आगे से होती हुई एम आई रोड, किशनपोल बाजार, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता से होती हुई न्यूगेट रामलीला मैदान में प्रस्थान करेगी। प्रदेश संयोजक राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इसके समारोह अध्यक्ष प्रदीप मित्तल फ्लेग दिखाकर दौड़ को रवाना करेंगे। कार्यक्रमों के लिए 15 सदस्यीय कोर कमेटी बनायी गई है। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को मानसरोवर के वीटी रोड पर विराट वैश्य महापंचायत का आयोजन किया जाएगा।

## बेटी प्रीमियर लीग में 90 बेटियां खेल रही हैं क्रिकेट

# जयपुर के ग्राउंड पर बेटियों ने लगाए हौसलों के चौके-छक्के



**बेधड़क** | जयपुर

बेटियों का जोश और जूनून देखकर जनप्रतिनिधि भी रोमांचित हो गए। उन्होंने किसी भी प्रोफेशल्स की तरह मैदान के चारों ओर चौके-छक्के लगाकर दमखम दिखाया। साथ ही मैदान की आभा देखकर मंत्री भी स्वयं को बेटिंग करने से नहीं रोक पाए और उन्होंने भी बेटियों के साथ जमकर क्रिकेट खेला।

यह अनूठा नजारा और जूनून से भरा आयोजन गुलाबी नगरी के जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर शुरू हुआ, जिसे बेटी प्रीमियर लीग-2023 नाम दिया गया है। लीग की शुरुआत मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने मुख्य अतिथि के रूप में की। खाचरियावास ने बेटियों को धरोहर बताते हुए प्लेयर्स को मोटिवेट किया। रमेश सरड़ा और अमित बोकाड़िया ने बताया कि राइसा इवेंट्स की ओर से हो रही लीग में 6 टीमों की 90 से ज्यादा बेटियां हिस्सा ले रही हैं। 10 सितंबर तक चलने वाली प्रतियोगिता में 6 मैच रखे गए हैं। इस दौरान विजेता टीम को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिया जाएगा। पूरी लीग के दौरान कई जनप्रतिनिधि, सेलिब्रिटी और सोशल वर्कर्स के साथ प्लेयर्स विजिट करेंगे और बेटियों का मनोबल बढ़ाएंगे। साथ ही सोशल मीडिया पर लीग की फुटेज से बेटियों का मनोबल बढ़ाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया ये सभी प्लेयर्स प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आई हैं। पहले मुकाबले में शिक्षा टीम ने स्वाभिमान टीम को 7 विकेट से हराया। दूसरे मैच में सम्मान टीम सुरक्षा टीम से 16 से जीत गई।

## जनजागृति वाहन रैली आज

**जयपुर।** आत्महत्या मुक्ति अभियान के तहत जनजागृति दुपहिया वाहन विशाल रैली का आयोजन रविवार सुबह 7:15 पर किया जाएगा। शहीद स्मारक से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई नवकार भवन तिलक नगर पर पूर्ण होगी। रैली में बिना हेलमेट वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही 18 वर्ष से कम आयु व बिना लाइसेंस वालों को भी पार्टिसिपेट नहीं करने दिया जाएगा।

## राम दरबार की झांकी सजाई





*बेधड़क,जयपुर। लंगर के बालाजी के रास्ते में विनायक ज्योतिष व वास्तु शोध संस्थान और सभी स्थानीय भक्तों की ओर से शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान विशेष झांकी सजाई गई, जिसमें राम दरबार और हनुमान जी का दरबार खास था।*

**ब्यूटी पैजेंट** 20 फाइनलिस्ट ने रैंप पर शोकेस किए विभिन्न डिजाइनर्स के कलेक्शन

# रिचा कुलश्रेष्ठ के सिर सजा मिसेज राजस्थान का ताज

**बेधड़क** | जयपुर

मिसेज राजस्थान-2023 बनना पार्टिसिपेंट्स के लिए भावुक पल था। जब मम्मी ने ताज पहना तो बच्चे भी प्रफुल्लित हो उठे। खुशी और भावुकता के ये पल थे फ्यूजन ग्रुप के ब्यूटी पैजेंट मिसेज राजस्थान-2023 के ग्रैंड फिनाले के। मिसेज राजस्थान-2023 का ताज रिचा कुलश्रेष्ठ के माथे सजा। दिलचस्प कॉन्टेस्ट में फर्स्ट रनरअप तृप्ति बरडिया, सैकंड रनरअप सीमा मीना, थर्ड रनरअप वर्षा पिपारिया और फोर्थ रनरअप प्रीति भंडारी रहीं।





### ये डिजाइन्स खास

पैजेंट में डिजानर कृतिका सोइन का रॉयल कलेक्शन, बॉलीवुड डिजाइनर संजय शर्मा का वेडिंग कलेक्शन देखने लायक था। टॉप 5 फाइनलिस्ट में जयपुर के डिजाइनर मंदाकिनी के प्रशांत कुमार पोद्दार के डिफरेंट लुक के वेडिंग गाउन्स के कलेक्शन्स में मिसेज राजस्थान की क्राउनिंग हुई।

### 20 कंटेस्टेंट ने की ताज के लिए दावेदारी

आर्य इंजीनियरिंग कॉलेज ऑडिटोरियम में हुए कॉन्टेस्ट में 20 कंटेस्टेंट के बीच कड़ा व रोचक मुकाबला देखने को मिला। मिसेज राजस्थान-2023 के डायरेक्टर संजीव बारोट ने बताया कि स्टाइल ओसियन के ब्यूटी एक्सपर्ट देव सैन के रॉयल, क्लासी और बोल्ड मेक ओवर ने फाइनलिस्ट के सलोने रूप को नया आयाम दिया।

### ये रहे जूरी मैंबर्स

मानसी राठौड़, तरुशी राय, परिधि शर्मा, लवलीन डागर, मुकेश मिश्रा, अजय सिंह मीना ने टैलेंट जज किया। तान्या राय चौधरी को मिसेज राजस्थान टैलेंटेड, वर्षा पिपारिया को पर्सनेलिटी, भावना शर्मा को कॉन्फिडेंस, सरोज गोस्वामी को स्पार्कलिंग स्माइल, तृप्ति बरड़िया को फोटोजेनिक, सीमा मीणा को रैम्पवॉक, रिचा कुलश्रेष्ठ को स्टाइल दीवा, अनुष्का मीणा को बेस्ट हेयर, स्मिता शर्मा को आइकॉनिक आइज, अंशु शर्मा को इटर्नल ब्यूटी, किरण राठौड़ को व्यूवर्स च्वॉइस, मेघा शर्मा को राइजिंग स्टार, तनुश्री गौर को रेडिएंट स्किन, मोनालिसा मीणा को विवाशस, श्वेता शर्मा टाइमलेस ब्यूटी, प्रियंक मीणा को बॉडी ब्यूटीफुल, उषा मदनानी रवीशिंग ब्यूटी, प्रीती भंडारी फिटनेस फ्रीक, मोनिका शेखावत चार्मिंग, प्रतिभा विजय मिसेज राजस्थान इन जीनियस जैसे सब टाइटल दिए।



## मोरक्को में विनाशकारी भूकंप: ऐतिहासिक इमारतें क्षतिग्रस्त, मलबे में जिंदा लोगों की तलाश

# 1,037 लोगों की मौत, 1,200 घायल... सैकड़ों गंभीर

- तबाह हुआ शहर विश्व विरासत में है शामिल
- रिक्टर पैमाने पर 6.8 थी तीव्रता
- केंद्र 8 किमी गहराई में
- 19 मिनट बाद भी 4.9 तीव्रता का आया झटका



**एजेंसी** | मराकेश

मोरक्को में शुक्रवार देर रात आए विनाशकारी भूकंप में अंतिम समाचार मिलने तक 1,037 लोगों की मौत हो गई। भूकंप की वजह से ऐतिहासिक मराकेश शहर से लेकर एटलस पर्वत पर स्थित गांवों तक कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। कई देशों के नेताओं ने मोरक्को को मदद की पेशकश की है।

मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि बचाव कर्मी दूरदराज के प्रभावित इलाकों तक पहुंचने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। घरों में सो रहे लोग भूकंप आने पर बाहर भागने लगे। सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित फुटेज में दिख रहा है कि लोग देर रात मराकेश शहर की सड़कों पर हैं और इमारतों के अंदर वापस जाने से डर रहे हैं। मोरक्को के गृह मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि कम से कम 1,037 लोगों की मौत हुई है और इनमें से ज्यादातर मराकेश और भूकंप के केंद्र के पास के पांच प्रांतों से हैं। मंत्रालय के मुताबिक, 1,200 अन्य घायल हैं, जिनमें सैकड़ों की हालत गंभीर हैं।



### 12वीं सदी की कुतुबिया मस्जिद क्षतिग्रस्त

मराकेश यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल है। मोरक्को की मीडिया ने बताया कि मराकेश शहर के सबसे प्रसिद्ध स्थलों में से शामिल 12वीं सदी की कुतुबिया मस्जिद को नुकसान पहुंचा है, लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है कि क्षति कितनी हुई है। इसकी 69-मीटर (226-फुट) मीनार को 'मराकेश की छत' के रूप में जाना जाता है।

### रात 11:11 बजे आया पहला झटका

अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि शुक्रवार रात 11:11 बजे आए भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 6.8 थी और भूकंप बाद के झटके कई सेकंड तक महसूस किए गए। अमेरिकी एजेंसी ने 19 मिनट बाद भी 4.9 तीव्रता का झटका महसूस किए जाने की सूचना दी। शुक्रवार को आए इस भूकंप का केंद्र मराकेश से लगभग 70 किमी दक्षिण में अल हौज प्रांत के इघिल शहर में था। यूएसजीएस ने बताया कि भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 18 किमी की गहराई में था, जबकि मोरक्को की भूकंप निगरानी एजेंसी के मुताबिक इसका केंद्र आठ किमी गहराई में था।

## उत्तर कोरिया: स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर परेड

# पहुंचे चीन-रूस के अतिथि

**एजेंसी** | सियोल

उत्तर कोरिया ने अमेरिका से बढ़ते टकराव के बीच रूस और चीन के साथ अपने संबंधों का प्रदर्शन करने की कवायद के रूप में दोनों देशों के प्रतिनिधियों तथा कलाकारों को अर्द्धसैन्य परेड में आमंत्रित किया। उत्तर कोरिया के 75वें स्थापना दिवस का जश्न मनाने के लिए राजधानी प्योंगयांग में मध्यरात्रि को हुई परेड में रॉकेट लॉन्चर का प्रदर्शन किया गया।

यह परेड ऐसे वक्त में हुई है, जब उम्मीद है कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने वहां जाएंगे और इस बैठक में उत्तर कोरिया द्वारा रूस को हथियारों की बिक्री पर बातचीत हो सकती है। चीन ने उत्तर कोरिया की 75वीं वर्षगांठ के जश्न समारोह में उप प्रधानमंत्री लियु गुझोंग के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा है, जबकि रूस से एक सैन्य गीत एवं नृत्य समूह प्योंगयांग पहुंचा है। दक्षिण कोरियाई मीडिया के अनुसार प्योंगयांग में रूसी अधिकारियों की कमी का संबंध किम और पुतिन के बीच शिखर वार्ता के लिए तैयारियों से हो सकता है।



### छोटी बेटी 10 वर्षीया जू ए के साथ थे किम

अर्द्धसैन्य संगठनों और प्योंगयांग की रक्षा कर रहे सार्वजनिक सुरक्षा बलों के इर्दगिर्द केंद्रित रही। शनिवार की परेड की तस्वीरों में किम को मुस्कुराते हुए और अपनी छोटी बेटी से बात करते हुए देखा गया। ऐसा कहा जाता है कि उनकी करीब 10 वर्षीय छोटी बेटी का नाम जू ए है। किम नवंबर से बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपनी बेटी को साथ लाते रहे हैं। किम ने परेड से पहले लियु और चीन के अन्य प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

### किम की रूस विजिट की पुष्टि नहीं

उत्तर कोरिया ने रूस जाने की किम की किसी योजना की अभी पुष्टि नहीं की है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'कोरियल सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि किम को वर्षगांठ पर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से पत्र मिले हैं, जिसमें दोनों नेताओं ने कहा है कि उनके देश के उत्तर कोरिया से मजबूत होते संबंध क्षेत्र की शांति एवं स्थिरता में योगदान देंगे।

## जूलियन असांजे को मुक्त कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया का प्रयास

# बाइडेन के लिए बना समस्या का सबब

**एजेंसी** | कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज का अपने संक्षिप्त कार्यकाल के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ बहुत व्यापक संपर्क रहा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार अल्बनीज ने बाइडेन के साथ चार औपचारिक बैठकें की हैं, जिनमें चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) में हुई दो बैठक भी शामिल हैं। बाइडेन, अगले महीने अमेरिका की राजकीय यात्रा पर आ रहे अल्बनीज की मेजबानी करेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई लेबर पार्टी की सरकार और अमेरिका के बीच संबंध घनिष्ठ हैं, जैसा कि दोनों नेताओं के बीच नजर आता है। विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को मुक्त कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया का प्रयास हालांकि बाइडन के लिए विकट समस्याएं पेश करता है।

संघीय सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में अल्बनीज की यात्रा से पहले इस संबंध में प्रयास करने के लिए अमेरिका की यात्रा करेगा। इस यात्रा को असांजे समर्थकों द्वारा निजी तौर पर वित्तपोषित किया जा रहा है। इसके लिए 65 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर जुटाए गए हैं। सांसद कांग्रेस के सदस्यों का पक्ष रखेंगे और विदेश विभाग तथा न्याय विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे।

### द. अफ्रीकी नेता बुथेलेजी का निधन

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी राजनेता, जुलु सम्राट तथा देश के पारंपरिक प्रधानमंत्री मैंगोसुथु बुथेलेजी का शनिवार तड़के 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बुथेलेजी, 'इंकाथा फ्रीडम पार्टी' के अध्यक्ष थे और उन्होंने पिछले सप्ताह ही अपना 95वां जन्मदिन मनाया था। वरिष्ठ राजनेता को पीठ दर्द के सर्जरी से संबंधित जटिलताओं के बाद अगस्त में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## तुर्किये: क्रिप्टो से 4 लाख लोगों को लगाया चूना

# मिली 11 हजार साल की सजा

**एजेंसी** | अंकारा

तुर्किये क्रिप्टो एक्सचेंज थोडेक्स के संस्थापक फारुक फातिह ओजर, उनकी बहन सेराप ओजर और उनके भाई गुवेन ओजर को 11,196 साल, 10 महीने और 15 दिन की जेल की सजा सुनाई गई है। साथ ही, उनके खिलाफ लगभग 50 लाख डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। अप्रैल 2021 में अचानक ऑफलाइन होने और ओजर के लापता होने से पहले थोडेक्स तुर्की का सबसे बड़ा क्रिप्टो एक्सचेंज था। उसने करीब 4,00,000 से अधिक लोगों को चूना लगाया।

ओजर अल्बानिया भाग गया था, लेकिन अगस्त 2022 में उसके खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अप्रैल 2023 तक ओजर को तुर्की में प्रत्यर्पित कर दिया गया था। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। ओजर के भाई, बहन और चार अन्य वरिष्ठ कर्मचारियों को भी जेल में डाल दिया गया।

जांच के दौरान कम से कम 83 लोगों को हिरासत में लिया गया। 21 दोषियों को की जेल का सामना करना पड़ा। अनातोलियन की अदालत ने 21 प्रतिवादियों में से 16 को बरी कर दिया।

## हजारों लोगों की बचाई जा सकेगी जान!

# एक दवा से दो जानलेवा रोगों का इलाज

**एजेंसी** | वाशिंगटन

जब हम दुनिया भर में मौत के प्रमुख कारणों के बारे में सोचते हैं, तो हमारे दिमाग में सबसे पहले बंदूक हिंसा, दुर्घटनाएं, या यहां तक कि कोविड-19 भी आ सकती है हालांकि, वैश्विक स्तर पर दो और ऐसी बीमारियां हैं जिसके कारण हजारों मौतें होती हैं। इसमें कार्डीओवैस्क्यूलर डिजीज और कैंसर शामिल हैं।

अमेरिका में लगभग 50 प्रतिशत मौतों के लिए ये दो बीमारियां जिम्मेदार हैं, लेकिन अब इसके लिए एक दवा ढूंढ़ ली गई है, जिससे इन लोगों को बचाया जा सकता है।

**दोनों बीमारियों में पुरानी सूजन की बड़ी भूमिका:** मोटापा, स्मोकिंग, स्ट्रेस और खराब डाइट दोनों बीमारियों से जुड़े हुए हैं, लेकिन इन अलग-अलग प्रतीत होने वाली स्थितियों में समान जोखिम कारक क्यों होते हैं? दरअसल, पुरानी सूजन दोनों बीमारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एथेरोस्क्लेरोसिस में, सूजन ब्लड वेसल सेल्स को नुकसान पहुंचाती है और प्लाक को खराब कर देती है।

कैंसर में, पुरानी सूजन म्यूटेशन को बढ़ाती है, और इससे शरीर का इम्यून रिस्पांस ट्यूमर को पोषण देता है।



### अलग-अलग दवा की प्रक्रिया महंगी

शोध से पता चलता है कि कैंसर के लिए बनी ये दवा एथेरोस्क्लेरोसिस में भी फायदा पहुंचा सकती है उदाहरण के लिए, मैक्रोफेज नाम की इम्यून सेल्स को टारगेट करने वाली दवाएं एथेरोस्क्लेरोसिस में डेड सेल्स को खत्म करने के लिए उन्हें स्टिम्युलेट कर सकती हैं, जिससे प्लाक का आकार कम हो जाता है। इस दवा के भविष्य की अगर बात करें, तो कैंसर और कार्डीओवैस्क्यूलर डिजीज की दवाएं बनाना एक महंगी प्रक्रिया है, जबकि दो अलग-अलग रोग के मरीजों के लिए एक ही दवा बनाने आसान है।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl